सोमवार, 27 अप्रैल 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 34 |
| आर्द्रता | 75% |
| सूर्योदयः 05:07 | सूर्यास्तः 18:01 |


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : समय, विश्वास और सम्मान चले जाने के बाद वापस नहीं आते।



बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को सुरक्षा कर्मी वाहनों और लोगों की जांच करते हुए।

# मतुआ शरणार्थियों को सीएए के तहत नागरिकता देने का भरोसा: प्रधानमंत्री मोदी

## पीएम बोले-शरणार्थियों के सुख-दुख की चिंता करना भारत का कर्तव्य



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर कोलकाता में किया रोड शो, करीब दो किलोमीटर लंबे मार्ग पर समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी**

**दूसरे चरण के मतदान से पहले ठाकुरनगर में रैली कर मतुआ समुदाय को साधने की कोशिश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में दूसरे और अंतिम चरण के मतदान से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में आयोजित चुनावी जनसभा में मतुआ और नामशूद्र समुदाय को साधने का प्रयास किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत शरणार्थियों को हर हाल में नागरिकता दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि शरणार्थियों के सुख-दुख की चिंता करना भारत का ऐतिहासिक दायित्व है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें शरणार्थियों का प्रवक्ता माना जाता था और वही विचारधारा भाजपा की कार्यप्रणाली में झलकती है। उन्होंने कहा कि विभाजन के समय से अब तक हर शरणार्थी परिवार को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए उनकी सरकार सीएए लेकर आई है, क्योंकि दशकों तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था। मोदी ने आश्वासन दिया कि मतुआ, नामशूद्र और अन्य शरणार्थी परिवारों को न केवल नागरिकता दी जाएगी, बल्कि उन्हें देश के अन्य नागरिकों की तरह सभी अधिकार और जरूरी दस्तावेज भी उपलब्ध कराए जाएंगे। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में नाम कटने के बाद मतुआ समुदाय के लोगों में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। मतुआ समुदाय मूल रूप से पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से आए हिंदू शरणार्थी हैं, जो विभाजन और उसके बाद भारत में आकर बस गए। पश्चिम बंगाल में उनकी आबादी करीब डेढ़ करोड़ मानी जाती है और राज्य की 70 से अधिक विधानसभा सीटों पर उनका प्रभाव है। 2019 के लोकसभा और 2021 के विधानसभा चुनाव में इस समुदाय के समर्थन ने भाजपा के प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में ठाकुरनगर में प्रधानमंत्री की यह रैली और नागरिकता का वादा चुनावी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**आपका वोट हमें दीजिए, टीएमसी से मुक्ति दिलाएंगे**

प्रधानमंत्री ने रैली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रसिद्ध नारे का जिक्र करते हुए कहा कि आज बंगाल को एक निर्णायक बदलाव की जरूरत है। उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि राज्य को तृणमूल कांग्रेस के जंगलराज से मुक्ति दिलाई जाएगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**जब अत्याचार बढ़ता है, जनता मां दुर्गा बन जाती है**

मोदी ने कहा कि जब अत्याचार अपनी सीमा पार कर जाता है, तो जनता मां दुर्गा का रूप धारण कर अन्याय का अंत करती है। उन्होंने इसे जनता की ताकत और लोकतांत्रिक शक्ति का प्रतीक बताया।

**कोलकाता में रोड शो और पूजा-अर्चना**

रैली के बाद प्रधानमंत्री ने कोलकाता के बी.के. पाल इलाके में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो किया। इससे पहले उन्होंने ठनठनिया कालीबाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। पृष्ठ 3

## डोनाल्ड ट्रंप पर हमला, व्हाइट हाउस से जुड़े डिनर में फायरिंग, हमलावर गिरफ्तार



**वॉशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले की कोशिश हुई है। राजधानी वॉशिंगटन डीसी में उस वक्त हड़कंप मच गया जब व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान कथित तौर पर गोली चलने की खबर सामने आई। इसके तुरंत बाद इस हाई-प्रोफाइल इवेंट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अचानक मंच से हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही गोलियों की आवाज सुरक्षा एजेंसियों ने सुनी, वैसे ही यूएस सीक्रेट सर्विट तुरंत एक्टिव हो गई। एजेंट्स ने तेज आवाज में अलर्ट देते हुए ट्रंप को स्टेज से हटाया और बाहर ले गए। उनके साथ उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और कैबिनेट के अन्य सदस्य भी मौजूद थे, जिन्हें भी तुरंत सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। एक प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित हैं और कैबिनेट के सदस्य भी ठीक हैं। वहीं, मौके पर मौजूद अधिकारियों के रेडियो मैसेज के अनुसार एक संदिग्ध शूटर को हिरासत में ले लिया गया है।

## विधानसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण से पहले कड़ी सुरक्षा योजना पेश की

**'लापरवाही की तो सख्त विभागीय कार्रवाई करेंगे', चुनाव आयोग की पुलिस अफसरों को चेतावनी**

**सीईओ ने तीन जिलों के चुनाव अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और केंद्रीय बलों के कमांडरों के साथ की बैठक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए रविवार को एक कड़ी सुरक्षा योजना पेश की, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि मतदान में विघ्न डालने या मतदाताओं को रोकने की किसी भी कोशिश के खिलाफ कठोर कदम उठाया जाएगा। आयोग ने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार तैनाती करें और अंदरुनी सड़कों एवं संवेदनशील इलाकों में व्यवस्था बरकरार रखने के लिए कदम उठाएं, ताकि मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें। तीन जिलों के चुनाव अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और केंद्रीय बलों के कमांडरों की उपस्थिति में हुई एक बैठक में आयोग ने 29 अप्रैल को 142 निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारी ने कहा कि योजना के तहत, 160 मोटरसाइकिलों पर दो-दो के हिसाब से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कर्मी सवार होंगे और स्थानीय इलाकों में गश्त करेंगे। इस बैठक में कोलकाता पुलिस के आयुक्त, कोलकाता उत्तर, कोलकाता दक्षिण और दक्षिण 24 परगना के जिला चुनाव अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी, सामान्य एवं पुलिस पर्यवेक्षक, विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता और विशेष पुलिस पर्यवेक्षक एन के मिश्रा भी उपस्थित थे। आयोग ने विशेष रूप से विभिन्न थानों के प्रभारी अधिकारियों (ओसी) और प्रभारी निरीक्षकों की जिम्मेदारियां तय की हैं और उन्हें इस बात के लिए जवाबदेह बनाया है कि मतदान के दिन या उससे पहले मतदाताओं को डराने या उन्हें धमकाने तथा विस्फोटकों के इस्तेमाल के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और कार्रवाई की जाए। राजय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र में विस्फोटकों के इस्तेमाल या मतदाताओं को डराने-धमकाने की किसी भी घटना को सख्ती से संभालना होगा। ऐसे मामलों में ला-परवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी अधिकारी या प्रभारी निरीक्षक को विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगी। प्रभारी अधिकारियों और प्रभारी निरीक्षकों को ऐसे मामलों में तत्काल सख्त कार्रवाई करने की सलाह दी गई है।



दूसरे चरण के मतदान से पहले पूर्व वर्धमान जिले में ग्रामीणों से बातचीत करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक

## केंद्र चुनावों के लिए बख्तरबंद गाड़ियां लाया, लेकिन पहलगाम की घटना रोकने में नाकाम रहा : ममता

**चुनाव प्रचार के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फल विक्रेता से की बातचीत**

**महिला मतदाताओं से मतदान और मतगणना तक सतर्क रहने की अपील**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जहां विधानसभा चुनावों के लिए बख्तरबंद वाहन तैनात किए हैं, वहीं एक वर्ष पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले को रोकने में वह विफल रही थी। दक्षिण कोलकाता के रासबिहारी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी और शाह के निर्देश पर राज्य विधानसभा चुनाव के लिए बंगाल में दो लाख से अधिक केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है, साथ ही कश्मीर में सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले बख्तरबंद वाहन भी लाए गए हैं। क्या वे बताएंगे कि जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी पहलगाम में घुसकर 26 नागरिकों की हत्या कर रहे थे, तब ये वाहन और सुरक्षा कहां थे। बलों की तैनाती में पक्षपात का आरोप लगाते हुए ममता ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की निगरानी के लिए 'एक दल के प्रति वफादार' पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि चार मई के बाद ये अधिकारी संभवतः इस जिम्मेदारी में नहीं रहेंगे। ममता ने महिला मतदाताओं से मतदान और मतगणना के दौरान सतर्क रहने की अपील की और हेरफेर की कोशिशों का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि याद रखें, केंद्रीय बल भी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत ही काम करेंगे। इसलिए मतदान के बाद दो दिनों तक अपने रसोई के काम का त्याग करना पड़े, तब भी मतदान केंद्रों और मतगणना केंद्रों पर कड़ी नजर रखें, ताकि मतदान मशीनों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो सके। उन्होंने क्षेत्र के पुरुषों से 'भाजपा के जाल में न फंसने' की अपील करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान केंद्रों की निगरानी में महिलाओं को आगे रहना चाहिए और निर्वाचन आयोग तथा पुलिस को पूरा सहयोग देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को यह सुनिश्चित करना होगा कि 'बिहार और ओडिशा जैसे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित पड़ोसी राज्यों से कोई भी बाहरी व्यक्ति 27 अप्रैल के बाद से मतदान के दिन तक किसी भी चुनावी विधानसभा क्षेत्र की सीमा में न ठहरे। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरी जानकारी के अनुसार, पुलिस और बलों की जांच के बावजूद कल ओडिशा से 300 करोड़ रुपये की राशि भवानीपुर पहुंची है।

## बांग्लादेश : हिंदू व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला, अल्पसंख्यक संगठनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की

**ढाका :** दक्षिणपूर्वी बांग्लादेश में एक हिंदू मंदिर के रख रखाव का कार्य करने वाले व्यक्ति का शव घर से लापता होने के तीन दिन बाद पेड़ से लटका हुआ मिला। एक अल्पसंख्यक समूह ने यह जानकारी दी। समूह ने मामले के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद (बीएचबीसीयूसी) ने शनिवार देर रात बताया कि चटगांव जिले के स्थानिया उपजिला के दोहाजारी क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय नयन साधु कॉक्स बाजार सदर उपजिला के खुरुशकुल यूनियन में स्थित शिवकाली मंदिर की देखभाल करने के साथ पुजारी का काम भी करते थे। पुलिस और कॉक्स बाजार इलाके के निवासियों के मुताबिक 19 अप्रैल की देर शाम दो अज्ञात व्यक्ति नयन को अपने साथ ले गए और तीन दिन बाद, उनका शव गांव के बाहरी इलाके में एक पहाड़ी क्षेत्र में पेड़ से लटका हुआ मिला। कालेद कांथा नामक दैनिक ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया, '' जब हमने शव बरामद किया, तब तक वह सड़ना शुरू हो चुका था।'' अखबार के मुताबिक पुलिस अबतक तय नहीं कर सकी है कि यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का।




## सात सांसदों के पाला बदलने से पंजाब में पार्टी कमजोर

पंजाब में विधानसभा चुनाव से सिर्फ दस महीने पहले, राज्यसभा के सात सांसदों द्वारा आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ने से पार्टी का संकट गहराता नजर आ रहा है। बगावती तेवरों वाले तीन राज्यसभा सदस्यों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने पार्टी में विभाजन की घोषणा करते हुए कहा है कि उच्च सदन में आप के दो-तिहाई सांसद यानी दस में सात सदस्यों ने एक गुट के रूप में भारतीय जनता पार्टी में विलय करने का निर्णय कर लिया है। हाल के महीनों में खासे मुखर रहने वाले राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप के उपनेता पद से हटाये जाने के बाद उनके द्वारा शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद तो विभाजन के संकेत मिलने शुरू हो गए थे। विडंबना यह है कि राज्यसभा में राघव चड्ढा के स्थान पर आप के उप नेता की जगह लेने वाले अशोक मित्तल ने भी उनका ही साथ दिया है। इसमें दो राय नहीं कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी के लिये यह सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। एक समय था कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी में नई पीढ़ी का ऊर्जावान प्रतीक चेहरा माना जाता रहा है। अब वे ही आप नेतृत्व पर पार्टी के मूलभूत आदर्शों से पीछे हटने का आरोप लगा रहे हैं। राघव व पार्टी के अन्य बागी सांसदों ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी जनसरोकारों को प्राथमिकता देने के बजाय निजी लाभ को तरजीह दे रही है। उनके निशाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ही हैं। जिन्हें पंजाब में मान सरकार की बागडोर दिल्ली से संचालित करने वाला माना जाता रहा है। जैसा कि आपेक्षित था, आबकारी नीति मामले में मुश्किल में फंसे और अदालती लड़ाई लड़ रहे केजरीवाल ने इन सांसदों पर विश्वास तोड़ने और पंजाब की जनता से छल करने का आरोप लगाया है।

केजरीवाल ने आप से अलग होने वाले सांसदों पर पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात करने वाला बताया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी केजरीवाल के निशाने पर है, जिस पर उन्होंने सुनियोजित साजिश करके आम आदमी पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। वास्तव में भाजपा सीमावर्ती राज्य पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी जड़ें मजबूत करने की कवायद में जुटी है। इसी कड़ी में भगवा पार्टी ने हाल के वर्षों में पंजाब के कई कांग्रेसी नेताओं को अपने पाले में करने में कामयाबी पायी है। निश्चित रूप से राज्य सभा में आप के दो तिहाई सांसदों का टूटकर भाजपा में मिलना आम आदमी पार्टी के लिये बड़ी चुनौती है। जिसके चलते पंजाब में अपनी खोई जमीन पाने के लिये पार्टी को एकजुट करके आगे बढ़ने की बड़ी चुनौती सामने खड़ी है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि आप के कुछ और नेता आगामी दिनों में भाजपा का दामन थाम लें। लेकिन यहां सवाल आप सुप्रीमो पर उठ रहे हैं कि क्या उन्होंने इन नेताओं को राज्यसभा का टिकट देते वक्त पार्टी की रीति-नीतियों की कसौटी पर परखा था या फिर पार्टी की आर्थिक प्राथमिकताओं को ही उनकी योग्यता मान लिया गया था। जाहिर है ये लोग सार्वजनिक जीवन में बहुत चर्चित चेहरे होने के बजाय आर्थिक रूप से समृद्ध लोग रहे हैं। जब चयन में आर्थिक प्राथमिकताएं होती हैं तो चयनित सदस्यों के निर्णय में भी लाभ-हानि का गणित ही प्रभावी रहता है। यहां सवाल कुछ सासंदों के कारोबारी छिद्रों पर सरकारी एजेंसियों का दबाव का भी है, जिन पर पिछले दिनों कार्रवाई भी हुई थी। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि शायद इस कार्रवाई के बाद विभिन्न कारोबार से जुड़े अन्य सांसद भी दबाव में आ गए। उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ राजग की धुलाई मशीन से गुजरना ज्यादा सुरक्षित महसूस किया। बहरहाल, इस घटनाक्रम ने अन्य राज्यों में विपक्षी दलों के लिये भी खतरे की घंटी बजा दी है। निश्चय ही इंडी गठबंधन के लिये अपने दलों को एकजुट रखना आने वाले दिनों चुनौती साबित हो सकता है।

## वाशिंगटन में हुई गोलीबारी की घटना के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने ट्रंप से बात की

**लंदन :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन करके व्हाइट हाउस संवाददाताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज कार्यक्रम में हुई गोलीबारी की घटना में उनके सुरक्षित बचने पर राहत व्यक्त की। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में संवाददाताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब बंदूक और चाकुओं से लैस एक व्यक्ति सुरक्षा घेरा तोड़कर उस क्षेत्र में घुस आया, जहां राष्ट्रपति ट्रंप और कई वरिष्ठ अमेरिकी नेता मौजूद थे। बहरहाल, सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उसे घेरकर तुरंत हिरासत में ले लिया। गनीमत यह रही कि राष्ट्रपति ट्रंप सुरक्षित रहे और उन्हें तुरंत वहां से बाहर ले जाया गया। इस घटना पर हैरानी जताते हुए स्टॉर्मर ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थानों पर किसी भी तरह के हमले की निंदा की जानी चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 अप्रैल, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष एकादशी, 18:19 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 21:17 तक, योग : ध्रुव, 21:34 तक, सूर्योदय: 05:07, सूर्यास्त: 18:01, चन्द्रोदय : 14:58, चन्द्रास्त: 02:55, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 07:24 से 09:00

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन थोड़ा संघर्ष भरा रह सकता है, लेकिन हिम्मत ही आपकी असली ताकत बनेगी। बिजनेस में तकनीकी रुकावटें आपके काम की गति धीमी कर सकती हैं।

**वृष :** आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। घर में कोई शुभ या मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है, जिससे वातावरण खुशियों से सराबोर रहेगा। भगवान की भक्ति में मन लगेगा।

**मिथुन :** आज आपको धैर्य और समझदारी से काम लेना होगा। बिजनेस में चल रही पुरानी समस्याओं का समाधान किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह से मिलेगा। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें।

**कर्क :** आज का दिन चुनौतियों से भरा जरूर है, लेकिन आपकी निर्णय क्षमता आपको हर मुश्किल से बाहर निकाल लेगी। आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं।

**सिंह :** आज आपको सतर्कता से कदम बढ़ाने की जरूरत है। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करना भारी पड़ सकता है। पहले लिया गया कोई जोखिम अब परेशानी का कारण बन सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए नई संभावनाओं का द्वार खोल सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। मनपसंद साथी से मुलाकात का योग बन रहा है।

**तुला :** आज आपको छोटी-छोटी लाभ की योजनाओं पर ध्यान देने की जरूरत है। नौकरी में किए गए प्रयास रंग लाएंगे और धार्मिक गतिविधियों में मन लगेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन कानूनी मामलों में राहत देने वाला हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लेकिन जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान दे सकता है।

**धनु :** आज का दिन सामान्य लेकिन प्रगति देने वाला रहेगा। बिजनेस में नए उपकरण या तकनीक जोड़कर आप अपनी पहचान बनाएंगे। आपकी नेतृत्व क्षमता निखरेगी।

**मकर :** आज आपका साहस और पराक्रम बढ़ेगा। विरोधियों से सतर्क रहने की जरूरत है। गले या स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या को नजरअंदाज न करें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में पूरी एकाग्रता रखनी होगी।

**कुम्भ :** आज का दिन थोड़ा उलझनों से भरा रहेगा। काम की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिससे मन पर दबाव महसूस होगा। आप किसी सहयोगी से सलाह लेकर सही दिशा पा सकते हैं।

**मीन :** आज भाग्य आपका साथ देगा। नई प्रॉपर्टी मिलने या निवेश के अवसर बन सकते हैं, लेकिन बड़ा जोखिम लेने से बचें। बिजनेस में चल रही परेशानियां धीरे-धीरे खत्म होंगी।

# पांच साल बाद धार क्या बनेगा? - सुरक्षा का बीज या सिर्फ एक और सपना



प्रो. आरके जैन

- जब एक छोटा शहर बड़े डर से लड़ेः धार में सामाजिक क्रांति की शुरुआत
- प्राचीन राजधानी का नया जन्मः धार अब महिलाओं के भरोसे की राजधानी

मप्र के धार की पहचान अब केवल उसके प्राचीन वैभव से नहीं, बल्कि एक नए साहसिक संकल्प से जुड़ने जा रही है। 22 अप्रैल 2026 की घोषणा ने इस शांत, ऐतिहासिक नगर को अचानक राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया-जब इसे 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट 2026' के लिए चुना गया। देश के 10 चुनिंदा शहरों में स्थान पाना और मध्य प्रदेश से अकेले प्रतिनिधि के रूप में उभरना इस बात का संकेत है कि धार अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है। 10 करोड़ का आवंटन और पांच वर्षों की समयसीमा केवल प्रशासनिक आंकड़े नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव हैं। प्राचीन मालवा की राजधानी अब महिलाओं की सुरक्षा के आधुनिक प्रतीक की ओर बढ़ रही है-एक ऐसा रूपांतरण, जो शहर का चेहरा ही नहीं, उसकी सोच भी बदल सकता है।

यह योजना सिर्फ सुरक्षा के इंतज़ाम खड़े करने की नहीं, बल्कि हर महिला के भीतर भरोसे का अहसास जगाने की पहल है। इसके तहत संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, बेहतर स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग और सशक्त निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा। महिला हेल्प डेस्क, त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन इस ढांचे को और प्रभावी बनाएंगे। 'पिंक टॉयलेट्स' जैसी सुविधाएं स्पष्ट करती हैं कि लक्ष्य केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि सम्मान और सुविधा भी है। निर्भया फंड से जुड़ी इस पहल को धार लोकसभा क्षेत्र की सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के सक्रिय प्रयासों से गति मिली, जबकि जिला प्रशासन ने चरणबद्ध योजना में हाई-रिस्क क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर इसे जमीनी जरूरतों से जोड़ दिया है।

धार की मौजूदा तस्वीर ही इस पहल की अपरिहार्यता को रेखांकित करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन का संगम जहां इसकी पहचान है, वहीं यही मिश्रण सुरक्षा की चुनौतियों को और पेचीदा बना देता है। अंधेरी गलियां, कमजोर रोशनी वाले बाजार और सूने सार्वजनिक स्थल-ये परिस्थितियां महिलाओं के लिए असहजता और असुरक्षा का माहौल गढ़ती हैं। कामकाजी महिलाएं, छात्राएं और पर्यटक अक्सर भय के साये में गुजरते हैं। ऐसे में यह परियोजना केवल ढांचे का सुधार नहीं, बल्कि भरोसे को फिर से मजबूत करने का प्रयास है। स्थानीय महिलाओं की आवाज इसे दिशा देती है- अब हमारी बेटियां बिना डरे बाहर निकल सकेंगी। यह सिर्फ उम्मीद नहीं, बल्कि लौटते सामाजिक आत्मविश्वास का सशक्त संकेत है।

यह पहल बदलाव का निर्णायक मोड़ बन सकती है, जिसका असर शहर के हर कोने में दिखेगा। महिलाओं की बढ़ती सुरक्षा के साथ उनकी भागीदारी शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में तेज़ी से बढ़ेगी। बाजार देर तक जीवंत रहेंगे, छोटे कारोबारों को संबल मिलेगा और निवेश का भरोसा मजबूत होगा। पर्यटन को भी नई रफ्तार मिलेगी, क्योंकि धार के ऐतिहासिक स्थल अब अधिक सुरक्षित और आकर्षक बनेंगे। इससे स्थानीय गाइड, हस्तशिल्प विक्रेता, होटल व्यवसायी और परिवहन सेवाएं सीधे लाभान्वित होंगी, और शहर की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आएगी। मध्य प्रदेश सरकार इसे एक मॉडल मान रही है, जो इंदौर, भोपाल सहित अन्य शहरों के लिए भी मार्गदर्शक बन सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर यह पहल इस धारणा को तोड़ती है कि 'सेफ सिटी' केवल महानगरों तक सीमित है।

इस चमकती तस्वीर के पीछे कुछ सख्त सच भी छिपे हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। 2012-16 के दौरान मध्य प्रदेश के चार शहरों में लागू 'सेफ सिटी इनिशिएटिव' की रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि केवल बुनियादी ढांचे के सुधार से अपराध में अपेक्षित कमी नहीं आई। सामाजिक मान्यताओं और व्यवहार में बदलाव की कमी ने इसकी प्रभावशीलता सीमित कर दी। यही अनुभव इस नई परियोजना के लिए एक अहम चेतावनी है। कैमरे और रोशनी सुरक्षा के साधन हैं, समाधान नहीं-असल परिवर्तन समाज की सोच में आता है। इसलिए व्यवहार परिवर्तन, लैंगिक संवेदनशीलता और जन-जागरूकता अभियानों को अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा, ताकि सुरक्षा दिखावे से आगे बढ़कर जीवन की स्वाभाविक सच्चाई बन सके।


जमीन पर उतरते ही असली परीक्षा शुरू होती है, और यहीं चुनौतियां सामने आती हैं। 10 करोड़ का फंड तभी असर दिखाएगा, जब उसका पारदर्शी और सुविचारित उपयोग हो। तकनीकी उपकरणों का नियमित रखरखाव, कर्मचारियों का समुचित प्रशिक्षण और निगरानी तंत्र की सतत सक्रियता-यही इसकी सफलता की धुरी हैं। सीसीटीवी के विस्तार के साथ गोपनीयता का सवाल भी उठेगा, जिसे संतुलित और संवेदनशील तरीके से संभालना होगा। साथ ही डिजिटल साक्षरता और तकनीकी जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, ताकि नागरिक इस व्यवस्था से जुड़ सकें और उसका सही उपयोग करें। पांच वर्षों के बाद इसकी निरंतरता बनाए रखना भी चुनौती होगी, क्योंकि योजनाएं तभी सफल मानी जाती हैं जब वे समय के साथ जीवित और प्रासंगिक बनी रहें।

फिर भी, यह पहल एक साझा जिम्मेदारी का दुर्लभ अवसर बनकर उभरती है। प्रशासन, पुलिस, गैर-सरकारी संगठन और नागरिक-सभी को मिलकर इस बदलाव को जमीन पर उतारना होगा। सांसद सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में बनी रूपरेखा में इस साझेदारी की स्पष्ट झलक है। यदि स्कूलों, कॉलेजों, महिला समूहों और स्थानीय संगठनों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया, तो यह पहल केवल योजना नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक आंदोलन बन सकती है- जो सुरक्षा से आगे बढ़कर समाज के हर आयाम को छुएगी। यही सामूहिक प्रयास इसे स्थायित्व और वास्तविक गहराई दे सकता है।

इतिहास के मोड़ पर खड़ा धार अब ऐसे बदलाव की ओर बढ़ रहा है, जो सिर्फ रूप नहीं, सोच भी बदलेगा। सवाल केवल चेहरे के परिवर्तन का नहीं, बल्कि उसकी गहराई और स्थायित्व का है। इस यात्रा में आशा और सतर्कता दोनों जरूरी हैं। मजबूत वित्तीय आधार, केंद्र-राज्य सहयोग और पांच वर्षों की समयसीमा इसे सफलता की मजबूत नींव देते हैं। यदि क्रियान्वयन पारदर्शी रहा, जनभागीदारी मजबूत हुई और सोच में बदलाव आया, तो धार की सड़कें रोशनी के साथ भरोसे और स्वतंत्रता से चमकेंगी। तब यह शहर संदेश देगा कि सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार है-और इसी में विकास का असली अर्थ छिपा है।

-शिक्षाविद्

# राघव का घातक वार और सात सांसदों की बगावत से डगमगाया 'आप' का राज्यसभा किला



अजय कुमार

भारतीय राजनीति के फलक पर 2 अप्रैल 2026 को जो चिंगारी सुलगनी शुरू हुई थी, उसने 22 दिनों के भीतर एक ऐसी सियासी आग का रूप ले लिया है जिसमें अरविंद केजरीवाल की 'आम आदमी पार्टी' का राज्यसभा वाला किला लगभग ढह चुका है। यह महज कुछ सांसदों का दल-बदल नहीं है, बल्कि उस भरोसे और विचारधारा की सामूहिक हत्या है, जिसके दम पर एक दशक पहले अन्ना आंदोलन की कोख से यह पार्टी जन्मी थी। राज्यसभा में पार्टी के डिप्टी लीडर रहे राघव चड्ढा की अगुवाई में सात सांसदों का एक साथ पाला बदलना दिल्ली से लेकर पंजाब तक की सियासत में वो भूकंप है, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी। मैं घायल हूं, इसलिए घातक हूं और मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझना जैसे फिल्मी लगने वाले राघव के संवादों ने शुक्रवार को तब हकीकत का जामा पहन लिया, जब उन्होंने संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा का दामन थामने का एलान किया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में किसी भी क्षेत्रीय दल के लिए संभवतः सबसे बड़ा और संगठित विद्रोह है।

इस पूरे घटनाक्रम की पटकथा उस दिन लिख दी गई थी जब राघव चड्ढा को अचानक राज्यसभा में डिप्टी लीडर के पद से हाथ धोना पड़ा था। पार्टी ने अंदरूनी तौर पर उन पर निष्क्रियता और गतिविधियों से दूरी बनाने के आरोप मढ़े थे, लेकिन राघव के तेवर बता रहे थे कि वे किसी बड़े 'ऑपरेशन' की तैयारी में हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस बगावत में संदीप पाठक का नाम शामिल होना केजरीवाल के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत झटका है। पाठक वही शख्स हैं जिन्हें 'आप' का चाणक्य कहा जाता था, जिन्होंने पंजाब की सत्ता की चाबी केजरीवाल के हाथ में सौंपी और पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिलाने के लिए पर्दे के पीछे से संगठन की मशीनरी तैयार की। जब संगठन का वास्तुकार ही इमारत ढहाने पर आमादा हो जाए, तो नेतृत्व की विफलता पर सवाल उठना लाजिमी है। इसके साथ ही स्वाति मालीवाल की भूमिका ने इस आग में घी का काम किया है। बिभव कुमार मामले के बाद जिस तरह स्वाति को अपनी ही पार्टी में अपमान और अलगाव का सामना करना पड़ा, उन्होंने उसे अपनी निजी अदावत बना लिया। आज जब वे राघव के साथ सुर में सुर मिला रही हैं, तो यह साफ है कि 'आप' के भीतर महिलाओं के सम्मान और आंतरिक लोकतंत्र को लेकर जो दावे किए जाते थे, उनकी कलई खुल चुकी है।

तकनीकी तौर पर देखें तो यह बगावत बहुत ही सधे हुए कानूनी दांव-पेच के साथ की गई है। राज्यसभा में 'आप' के कुल 10 सांसद थे, जिनमें से 7 का एक साथ अलग होना दल-बदल विरोधी कानून (एन्टी डिफेक्शन लॉ) के तहत अयोग्यता की तलवार को कुंद कर देता है। दो-तिहाई की यह संख्या राघव चड्ढा की उस रणनीतिक कुशलता को दर्शाती है, जिसका लोहा कभी खुद केजरीवाल मानते थे। राघव का यह कहना कि वे गलत पार्टी में सही व्यक्ति थे, न केवल केजरीवाल के नेतृत्व पर सीधा प्रहार है, बल्कि उन लाखों कार्यकर्ताओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग का सपना लेकर इस पार्टी से जुड़े थे। जिस पार्टी ने 15 साल तक संघर्ष किया, उसका इस तरह ताश के पत्तों की तरह बिखरना यह बताता है कि सत्ता के गलियारों में पहुंचते ही 'आम' और 'खास' की लकीर धुंधली पड़ गई। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नेतृत्व और जेल से सरकार चलाने की जिद ने शायद उन नेताओं को भी सोचने पर मजबूर कर दिया जो अब तक वफादारी का दम भर रहे थे।

पंजाब की सियासत के लिहाज से यह घटनाक्रम किसी सुनामी से कम नहीं है। बागी होने वाले सात में से छह सांसद पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए यह स्थिति बेहद असहज है, क्योंकि राघव चड्ढा को कभी पंजाब सरकार का 'रिमोट कंट्रोल' कहा जाता था। मान और चड्ढा के बीच का शीतयुद्ध जगजाहिर था, लेकिन अब यह आमने-सामने की जंग में बदल चुका है। भाजपा ने इन चेहरों को अपने पाले में कर न केवल राज्यसभा में अपनी ताकत 148 तक पहुंचा दी है, बल्कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए भी एक मजबूत बिसात बिछा दी है। भाजपा, जो पंजाब में लंबे समय से एक मजबूत 'सिख चेहरे' और संगठन की तलाश में थी, उसे अब हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और विक्रमजीत सिंह साहनी जैसे रसूखदार लोगों का साथ मिल गया है। यह 'मिशन पंजाब' की वो शुरुआत है जिसने अरविंद केजरीवाल के राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को फिलहाल दिल्ली और पंजाब की सीमाओं में ही कैद कर दिया है।

संजय सिंह और अन्य 'आप' नेता इसे 'ऑपरेशन लोटस' और केंद्रीय एजेंसियों का डर बताकर जनता की सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या केवल डर के दम पर इतने बड़े स्तर पर बगावत संभव है? अन्ना हजारे की उस टिप्पणी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जिसमें उन्होंने कहा कि जब स्वार्थ समाज और देश से ऊपर हो जाता है, तो संगठन टूट जाते हैं। यह केजरीवाल की उस कार्यशैली का भी परिणाम है जिसमें उन्होंने धीरे-धीरे उन सभी पुराने चेहरों को किनारे कर दिया जिन्होंने उनके साथ धूल फांकी थी। योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास और अब राघव-संदीप की यह फेहरिस्त बताती है कि पार्टी में असहमति के लिए कोई जगह नहीं बची है। स्वाति मालीवाल का यह आरोप कि उन्हें मुख्यमंत्री के घर पर पीटा गया और फिर उन्हें ही बदनाम करने की कोशिश की गई, पार्टी की नैतिक साख पर वो धब्बा है जो शायद ही कभी धुल पाए।

राज्यसभा सचिवालय में अब कानूनी लड़ाई शुरू होगी, सदस्यता रद्द करने की याचिकाएं डाली जाएंगी और मामला कोर्ट तक जाएगा। लेकिन राजनीति में जो धारणा (परसेप्शन) एक बार बन जाती है, उसे बदलना मुश्किल होता है। जनता के बीच अब यह संदेश जा चुका है कि जो पार्टी दूसरों को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटती थी, उसके अपने घर में ही भारी अविश्वास का माहौल है। गुजरात निकाय चुनाव से ठीक पहले पार्टी के सोशल मीडिया पेजों का सस्पेंड होना और सांसदों का सामूहिक पलायन, 'आप' के लिए किसी 'परफेक्ट स्टॉर्म' जैसा है। केजरीवाल जो खुद को नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर पेश कर रहे थे, आज अपने सबसे भरोसेमंद सिपहसालारों को ही भाजपा के पाले में जाते हुए देखने को मजबूर हैं। यह पतन की शुरुआत है या फिर कोई नया सबक, यह तो वक्त तय करेगा, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि 'झाड़ू' की तीलियां बिखर चुकी हैं और उन्हें समेटना अब केजरीवाल के बस की बात नहीं लग रही। भारतीय राजनीति का यह शुक्रवार 'आम आदमी पार्टी' के इतिहास में हमेशा एक ऐसे मोड़ के रूप में याद किया जाएगा, जहां से वापसी का रास्ता बहुत धुंधला नजर आता है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## देश - विदेश

### आतंकी हमले से दहला माली, रक्षा मंत्री सादियो कैमारा की हत्या



**ढाका :** माली में एक बड़े आतंकी हमले को अंजाम दिया गया है। अल-कायदा से जुड़ा जिहादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोहियों ने मिलकर देश के कई हिस्सों पर एक साथ हमला किया। इस हमले में माली के रक्षा मंत्री सादियो कैमारा की मौत हो गई। शनिवार को राजधानी बमाको के पास काटी शहर में उनके घर पर आत्मघाती कार से हमला किया गया। इस हमले में रक्षा मंत्री सादियो कैमारा, उनकी दूसरी पत्नी और उनके दो पोते-पोतियों की मौत हो गई है। यह हमला इतना जबरदस्त था कि इसने राजधानी बमाको के बाहरी इलाकों को दहला दिया। विद्रोहियों ने देश के कई हिस्सों में एक साथ हमले किए। रविवार को काटी, किदाल, गाओ और सेवेरे जैसे इलाकों में फिर से भारी गोलाबारी और लड़ाई शुरू हो गई है। तुआरेग विद्रोहियों ने दावा किया है कि किदाल अब पूरी तरह उनके नियंत्रण में है। एक समझौते के तहत माली की सेना और उनके सहयोगी रूसी बलों को वहां के मिलिट्री कैंप से सुरक्षित निकलने की अनुमति दी गई है। बता दें कि नवंबर 2023 में रूसी वैगनर ग्रुप की मदद से माली की सेना ने किदाल को विद्रोहियों से वापस लिया था, जो अब फिर उनके हाथ से निकल गया है। सरकार का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन जमीन पर हालात अलग हैं। राजधानी बमाको में सैन्य ठिकानों के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। एयरपोर्ट के पास के इलाकों में रहने वाले लोग धमाकों की आवाज से डरे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस और यूरोपीय संघ ने इन आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की है।

### लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है : विश्व नेताओं ने कहा

**वाशिंगटन :** विश्व नेताओं ने शनिवार रात यहां व्हाइट हाउस संवाददाताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज कार्यक्रम में हुई गोलीबारी की घटना के बाद राहत जतायी कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और अन्य मेहमान सुरक्षित हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने वाशिंगटन हिल्टन होटल में हुई इस गोलीबारी को 'चिंताजनक घटना' बताया। कार्नी ने 'एक्स' पर लिखा, 'वाशिंगटन में व्हाइट हाउस संवाददाता रात्रिभोज के दौरान गोली चलने की खबरों के बाद मुझे राहत है कि राष्ट्रपति ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और सभी अतिथि सुरक्षित हैं। राजनीतिक हिंसा किसी भी लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है और इस परेशान करने वाली घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।' मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम ने कहा कि 'यह अच्छी बात है कि राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी हालिया घटनाक्रम के बाद सुरक्षित हैं।' उन्होंने कहा, 'हम उनके प्रति सम्मान जताते हैं। हिंसा से कभी कोई समाधान नहीं निकल सकता।' ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कार्यक्रम में शामिल सभी लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, 'हम त्वरित कार्रवाई के लिए सीक्रेट सर्विस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कार्य की सराहना करते हैं।' भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्हें यह जानकर राहत मिली कि वाशिंगटन में 'व्हाइट हाउस' के संवाददाताओं के रात्रिभोज के दौरान हुई गोलीबारी की घटना के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और उपराष्ट्रपति जे डी वेंस सुरक्षित हैं और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

## वर्ग पहेली नं. 3422

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 | | 23 |
| ■ | 24 | 25 | | ■ | 26 | ■ | | ■ | |
| 27 | ■ | 28 | | | | ■ | | ■ | |
| 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) रूबरू, 2) धावा; आक्रमण, 3) जिम्मेदारी, 5) पतला, 6) एक मिठाई, 8) स्त्री, 12) इरादा, 13) सहायक, 15) आज्ञा, 17) पंकज, 22) उथलपुथल, 23) भीगा हुआ, 25) बतीसी दिखाना, 26) अपराध, 27) एक चर्मवाद्य. *(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) तक़ाजा, 4) नाविक, 7) मनचाहा, 9) ख़राब, 10) एक भुजंगभोजी जन्तु, 11) कोमल, 13) नहीं, 14) जनसंहार, 16) पुष्परस, 18) विशेष, 19) धार्मिक क्रियाओं का पालन, 20) घाटी, 21) आतंक, 24) घाघरा, 28) मुखिया, 29) चुपड़ना, 30) सिपाही.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दू | र | द | र्श | न | ■ | शि | क्षा | प्र | द |
| ■ | ■ | बं | ■ | भ | वि | ष्य | ■ | या | ■ |
| वि | सं | ग | त | ■ | वा | ■ | पा | ग | ल |
| का | ■ | ■ | ला | भ | दा | य | क | ■ | ज्ज |
| स | मा | वे | श | ■ | स्प | ■ | ■ | मृ | त |
| ■ | सू | द | ■ | बा | द | शा | ही | ■ | दा |
| आ | म | ■ | औ | र | ■ | ■ | ला | चा | र |
| शि | ■ | का | ■ | वा | य | रा | ■ | ला | ■ |
| क | स | म | सा | ना | ■ | स | म | क | क्ष |

## सुडोकू-पहेली-3380

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | | 7 | | 5 | | | |
| | | | | 2 | | | 3 | |
| 7 | | | | 1 | | 4 | | |
| 5 | 7 | | 2 | | 4 | | | |
| | | | | 9 | | 3 | 1 | |
| | | 2 | | | | | | |
| | 6 | 8 | | | 3 | | 9 | |
| | 3 | | | | 8 | | | |
| 9 | | | 4 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3379 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 4 | 8 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 |
| 2 | 5 | 1 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 |

# तृणमूल सरकार राज्य सचिवालय से नहीं चलती, बल्कि इसे पार्टी के संरक्षित अपराधी चला रहे हैं : मोदी



**हुगली, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार राज्य सचिवालय से नहीं, बल्कि पार्टी द्वारा संरक्षित गुंडों और अपराधियों द्वारा चलाई जा रही है। जिले के आरामबाग में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए तृणमूल की 'असामाजिक तत्वों पर निर्भरता' के कारण अक्सर कलकत्ता उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा है। मोदी ने कहा कि तृणमूल की 'निर्मम सरकार' नबान्न (राज्य सचिवालय) से नहीं चलती। इसे गुंडे और अपराधी चलाते हैं, और सरकार को पटरी पर लाने के लिए उच्च न्यायालय और देश की शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने वादा किया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर पहली कैबिनेट बैठक में केंद्र की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के कार्यान्वयन को मंजूरी दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने रैली में पहले चरण में हुए रिकॉर्ड 93.19 प्रतिशत मतदान का हवाला देते हुए दावा किया कि सत्तारूढ़ तृणमूल भारी संख्या में मतदान से 'घबराई' हुई है। ममता बनर्जी प्रशासन की विश्वसनीयता 'पूरी तरह से खत्म' होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने दावा किया कि केवल भाजपा ही ऐसी सरकार बना सकती है जो राज्य के लोगों को न्याय और सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि तृणमूल ने पिछले 15 वर्षों से बंगाल में भय का माहौल बनाए रखा है। अब लोग कह रहे हैं, 'भय को दूर भगाओ, भरोसा वापस लाओ। मोदी ने कहा कि लोगों को राज्य सरकार और उसके कुकृत्यों के खिलाफ अदालतों का रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि उनका सरकार पर से विश्वास उठ गया है। उन्होंने शिक्षक भर्ती 'घोटाला', 2023 के पंचायत चुनावों के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती, संदेशखाली मामला और आरजी कर बलात्कार और हत्याकांड का उदाहरण देते हुए कहा कि इन सभी मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़ी। प्रधानमंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने व्यावसायिक उपक्रमों के लिए बैंकों से ऋण लेने वाली महिलाओं के लिए गारंटर बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने हुगली जिले में 'उद्योगों के लगातार पतन' की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि दशकों पहले, जब देश केवल एम्बेसडर कारों का उत्पादन करता था, तो इसकी उत्पादन इकाई हुगली के उत्तरपाड़ा में हुआ करती थी। आज, जब भारत इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन और निर्यात कर रहा है, तो बंगाल में स्थापित संयंत्र बंद हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने संकल्प जताया कि बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने के बाद वह हुगली जिले को देश के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने को प्राथमिकता देगी।

## पीएम मोदी ने मतुआ समुदाय के मुख्य मंदिर एवं कोलकाता के ठनठनिया काली मंदिर में की पूजा-अर्चना





**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में जोरदार चुनाव प्रचार के बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ठाकुरनगर में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मतुआ समुदाय के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी और कोलकाता के ऐतिहासिक ठनठनिया काली मंदिर में पूजा–अर्चना की। शाम को उत्तर कोलकाता में रोड शो में भाग लेने से पहले, प्रधानमंत्री कोलकाता के मध्य में स्थित 300 वर्ष से अधिक पुराने ठनठनिया कालीबाड़ी गए। उन्होंने पास के एक स्टॉल से पूजा की सामग्री खरीदी और उसे मंदिर की अधिष्ठाता देवी, मां सिद्धेश्वरी को अर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्र हो गए। इससे पहले मोदी ने उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में मतुआ महासंघ के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी में अपनी चुनावी रैली से पहले पूजा–अर्चना की।

## बंगाल में भाजपा सत्ता में आने पर मवेशी तस्करी रोकने के लिए एक दस्ते का गठन करेगी : अमित शाह

❑ कहा... 'ममता सरकार का सफाया, गुंडा राज' और सिंडिकेट राज का होगा अंत'

❑ गृह मंत्री ने दोहराया, पहले चरण में 110 सीटें जीतने का किया दावा



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो वह राज्य में 'गुंडा राज' और 'सिंडिकेट राज' का अंत करेगी। नदिया जिले के तेहट्टा और राणाघाट में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकारों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाया, और दावा किया कि उनके शासनकाल में आतंकवादियों को बिरयानी परोसी गई थी। राणाघाट में शाह ने आरोप लगाया कि मवेशियों की तस्करी का अधिकांश हिस्सा नदिया जिले से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि इस जिले में मवेशियों की तस्करी सबसे अधिक होती है। यह इस तरह से हो रही है कि ममता बनर्जी को अपने पाप धोने में 71 साल लग जाएंगे। पश्चिम बंगाल में सरकार बनने के बाद, हम इस समस्या को रोकने के लिए एक विशेष दस्ते का गठन करेंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस और ममता बनर्जी की सरकारों के दौरान आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जा रही थी। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने आतंकी हमलों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से दिया। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद उरी में हमला हुआ और हमने सर्जिकल स्ट्राइक की; पुलवामा के बाद हमने एयर स्ट्राइक की; और पहलगाम के बाद हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया। मोदी ने इस देश को आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार राज्य में घुसपैठियों की पहचान करेगी और उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। शाह ने कहा कि ये घुसपैठिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। पांच मई के बाद हम एक–एक करके इनकी पहचान करेंगे और कार्रवाई करेंगे। शाह ने ममता पर आपराधिक तत्वों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य में भाजपा सरकार हिंसा और धमकी में शामिल लोगों से सख्ती से निपटेगी। रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि अपराधियों ने बम हमलों और राजनीतिक धमकियों के जरिए राज्य के कई हिस्सों में दहशत फैला रखी है और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल उनके खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहा है। शाह ने कहा कि ममता मेरे इस बयान का विरोध कर रही हैं कि मैं गुंडों को उल्टा लटकाकर सबक सिखाऊंगा। फिर क्या किया जाए? क्या हमें उन्हें गले लगा लेना चाहिए? वे बमों का इस्तेमाल करके लोगों को डराते हैं। संदेशखालि, आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, दक्षिण कोलकाता के एक लॉ कॉलेज और दुर्गापुर के एक मेडिकल कॉलेज में हुई घटनाएं इसका सबूत हैं। उन्होंने कहा कि अगर आपको उनसे इतना लगाव है, तो उन्हें अपने घर में रखिए और आलू पोस्तो खिलाइए, लेकिन मैं उन्हें जेल में डालूंगा। शाह ने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है, तो वह समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी, बहुविवाह प्रथा को समाप्त करेगी और तीन तलाक पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने बनर्जी के इस बयान पर भी निशाना साधा कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।

### बहरमपुर में देर रात हमला, तीन कांग्रेस समर्थक घायल



**मुर्शिदाबाद :** जिले के बहरमपुर में मतदान के बाद शनिवार की देर रात हिंसा का आरोप सामने आया है। कांग्रेस समर्थकों के घर पर हमले की घटना से इलाके में तनाव फैल गया है। बताया गया है कि शनिवार की देर रात मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर नगरपालिका के वार्ड 4 के निवासी कृष्ण घोष के घर पर कथित तौर पर कुछ स्थानीय तृणमूल समर्थित बदमाशों ने हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ की और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की खबर पाकर बहरमपुर से कांग्रेस उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी रात को ही मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मामले में बहरमपुर शहर युवा तृणमूल के अध्यक्ष पापाई घोष के नाम से शिकायत दर्ज कराई गई है। कांग्रेस की ओर से इस घटना को लेकर भारतीय निर्वाचन आयोग में भी शिकायत की गई है।

## ममता ने भवानीपुर में पदयात्रा कर लोगों से की बातचीत



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में हजारों पार्टी समर्थकों के साथ पदयात्रा का नेतृत्व किया। 'जोतोई कोरो हमला आबार जीतबे बांग्ला' (चाहे आप कितना भी हमला करें, बंगाल की जीत होगी) गीत की धुन के बीच, ममता ने लैंसडाउन क्रॉसिंग से कालीघाट फायर सर्विसेज स्टेशन तक एक किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों से संवाद भी किया। 'दीदी दीदी' के नारों के बीच रंगारंग रोड शो के दौरान उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया, उनसे मालाएं स्वीकार कीं और सुरक्षा कर्मियों को उन लोगों को हटाने से रोका, जो उनका पैर छूने के लिये आगे आए थे।

इस रोड शो में पुरुलिया का पारंपरिक ढोल और 'छऊ नृत्य' प्रस्तुत किया गया। ममता के साथ उनकी पार्टी और मंत्री पद के सहयोगी फिरहाद हकीम और दक्षिण कोलकाता में पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

### राष्ट्रीय ध्वज के दुरुपयोग को लेकर टीएमसी ने भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को भाजपा उम्मीदवार पापिया अधिकारी के खिलाफ दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। तृणमूल छात्र परिषद के उपाध्यक्ष कोहिनूर मजूमदार ने नेताजीनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। मजूमदार ने आरोप लगाया कि शनिवार को वार्ड 98 में प्रशांत सुर पार्क के पास घर–घर जाकर प्रचार करते समय भाजपा उम्मीदवार अधिकारी को भारतीय तिरंगे वाला 'दुपट्टा' ओढ़े हुए देखा गया। टीएमसी नेता ने दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार को सार्वजनिक रूप से उसी दुपट्टे से अपना चेहरा पोंछते हुए देखा गया, जिसे उन्होंने कानून का उल्लंघन बताया तथा पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई करने और शिकायत को प्राथमिकी के रूप में दर्ज करने का आग्रह किया।

## मुहं में शक्कर, पैरों में चक्कर और पॉकेट में रबर स्टैम्प : विजय ओझा

### पहले इस्तेमाल करो, फिर विश्वास करो : मतदाताओं से अपील

| उम्मीदवार (2021) | पार्टी | प्राप्त वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| विवेक गुप्ता | तृणमूल | 52,123 | 52.67 |
| मीना देवी पुरोहित | भाजपा | 39,380 | 39.80 |

**एसआईआर के बाद**

| कुल मतदाता | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| 125082 | 66923 | 58159 |



अरविंद ठाकुर

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रचार का जोर और शोर अपने चरम पर है। राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को लुभाने का हर संभव प्रयास कर रही हैं। वो सारे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जिसे आप साम, दाम, दंड, भेद की संज्ञा दे सकते हैं। वायदों की झड़ी लगाई जा रही है, पर ये जनता है सब जानती है। पश्चिम बंगाल का विधान सभा चुनाव देश के अन्य राज्यों से अलग है। यहां सत्ता परिवर्तन एक लंबे अंतराल के बाद होता आया है। केंद्र में सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में विशेष रूप से चुनावों की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती पर ध्यान केंद्रित कर रही है। चुनावी मैदान में असली लड़ाई तृणमूल और भाजपा के बीच ही है और इस बार जोर आजमाइस दोनों ओर से पूरी ताकत झोंक देने की है। एक ओर जहां दीदी मुस्लिम वोटो और अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जीत के प्रति आश्वस्त है, वहीं भाजपा को प्रधानमंत्री मोदी की छवि और हिंदुत्ववादी वोटरों का भरोसा है। ऐसे में सामान्य वोटर अपने क्षेत्र और उम्मीदवार के बारे में जानने को उत्सुक रहता है, तो आइए प्रस्तुत है जोड़ासांको विधान सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विजय ओझा से साक्षात्कार के कुछ अंश–

**सवाल: कोई दो विशेष बातें जो विजय ओझा को उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी से भिन्न बनाती हैं?**

**जवाब:** जिस वार्ड से मैं काउन्सिलर हूं, 1985 से अभी तक मेरे सिवा कोई दोबारा जीत कर नहीं आया। इसका मुख्य कारण यह है कि मैं मुहं में शक्कर, पैरों में चक्कर और पॉकेट में रबर स्टैम्प लेकर मेरी क्षेत्र की जनता के बीच रहता हूं। एक बार मैं जब प्रभु कृपा, अपने भाग्य और जनता के आशीर्वाद से काउन्सिलर बना तब से अपने कार्यों के बल पर बड़े अंतर से जीतते आ रहा हूं। मैं अपनी पार्टी के मूल सिद्धांतों के अनुरूप एक सच्चा राष्ट्रप्रेमी हूं।

**सवाल: विजय ओझा की पृष्टभूमि या स्वाभाव सामाजिक या राजनीतिक?**

**जवाब:** विजय ओझा कोंबो है। पश्चिम बंगाल एक ऐसा राज्य है जहां हर छोटी बड़ी बात में राजनीति है। सुबह–शाम राजनीति है। गली, मोहल्ले, स्कूल, दफ्तर, अस्पताल या सरकारी संस्थान यहां तक कि घर–घर राजनीति है। ऐसे में यहां किसी का राजनीतिक न होना संभव नहीं है। सामाजिक कार्यों में रूचि और समाज से जुड़ने के बाद ही राजनीति का मंच मिला है।

**सवाल: क्षेत्र की मूलभूत समस्या जल–जमाव, जर्जर माकन से निजात पाने का तरीका क्या होगा?**

**जवाब:** मैं पांच साल के 1825 दिन अपने क्षेत्र के विकास में अपने को खपा दूंगा। मैंने अपने वार्ड में कई सारे कार्य को मूर्त रूप दिया है। कई समस्याऐं ऐसी होती है जिनका समाधान राज्य सरकार की नीतियों पर निर्भर करता है। मैं अपनी पूरी ताकत के साथ क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करने की कोशिश करूंगा। पिछले 15 सालों से किसी समस्या के समाधान के लिए कोई प्रयास ही नहीं हुआ। समस्या जस की तस बनी हुई है।

**सवाल: और कोई समस्या जिसका समाधान हो जाना चाहिए था लेकिन अबतक नहीं हुआ।**

**जवाब:** जैसा मैंने कहा 15 सालों से किसी समस्या के समाधान के लिए कोई प्रयास ही नहीं हुआ। 15 साल का समय किसी भी सरकार के लिए पर्याप्त होता है, जल–जमाव, जर्जर मकानों का जीर्णोद्धार, कचरा प्रबंधन, बेरोजगारी आदि समस्याओं का निदान हो जाना चाहिए था, चुनाव के समय बेरोजगार युवाओं के खाते में एक महीना 1500 रुपया डाल देना समस्या का समाधान नहीं है, ये मूल समस्या से लोगों का ध्यान भटकाना है। बड़ी–बड़ी समस्याएं तोलाबाजी और सिंडिकेट कल्चर के भेंट चढ़ जा रही हैं।

**सवाल: अगर आप जीत जाते हैं तो कौन सी दो समस्याओं का समाधान पहले करना चाहेंगे।**

**जवाब:** जल–जमाव और कचरा प्रबंधन की समस्या जन–जन से जुडी है। हर वर्ग के लोग इस समस्या से त्रस्त हैं। इसके अलावा क्षेत्र की जनता के द्वारा जो भी समस्या मेरे संज्ञान में लाई जाएगी उसका निराकरण कम से कम अवधि के अंदर अपने अधिकार क्षेत्र में रहकर करूंगा।

**सवाल: अपने क्षेत्र के मतदाताओं से कुछ कहना चाहेंगे।**

**जवाब:** पहले इस्तेमाल करो फिर विश्वास करो। सेवा कार्यों के बल पर मैं अपने अंदर फेविकोल का जोड़ लगा लेता हूं। एक बार मौका दीजिये फिर छोड़ेंगे ना हम तेरा साथ ओ साथी मरते दम तक। इस क्षेत्र को भय, भ्रष्टाचार और तोलाबाजी मुक्त कर देंगे। पूरे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कर कायाकल्प कर देंगे।

## हावड़ा में हेमंत सोरेन का भव्य रोड शो, तृणमूल उम्मीदवार के समर्थन में भारी भीड़

❑ **विकास और एकता पर दिया जोर, राजनीतिक बयानबाजी से गरमाया माहौल**



**हावड़ा :** हावड़ा में रविवार को राजनीतिक माहौल उस समय गर्म हो गया जब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. राणा चटर्जी के समर्थन में एक भव्य रोड शो किया। यह रोड शो टिकियापाड़ा स्टेशन से बेलगछिया इलाके तक लगभग दो किलोमीटर तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में तृणमूल समर्थक शामिल हुए और पूरे मार्ग को उत्साह और नारेबाजी से भर दिया।

रोड शो के दौरान हेमंत सोरेन और डॉ. राणा चटर्जी एक ही वाहन में सवार होकर जनता का अभिवादन करते नजर आए। दोनों नेताओं ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों से समर्थन की अपील की।

सड़क के दोनों ओर उमड़ी भीड़ ने नेताओं पर फूल बरसाए और तृणमूल जिंदाबाद के नारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र चुनावी रंग में रंगा नजर आया।

इस अवसर पर हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा समाज में विभाजन की राजनीति कर रही है, जो देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि पार्टी केवल चुनावी रणनीति पर ध्यान देती है, जबकि जमीनी विकास के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता अब इन नीतियों को समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। जब उनसे राहुल गांधी के उस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, जिसमें भाजपा और तृणमूल के बीच कथित सांठगांठ का उल्लेख किया गया था, तो सोरेन ने कहा कि यदि ऐसा होता तो राजनीतिक समीकरण अलग दिखाई देते। उन्होंने कहा कि सभी दल जनता के बीच अपनी बात रख रहे हैं और अंतिम निर्णय जनता को लेना है।

बंगाल की जनता को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की असली ताकत अनेकता में एकता में है और इसे कमजोर करने की किसी भी कोशिश का विरोध होना चाहिए। वहीं, राघव चड्ढा के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर पूछे गए सवाल को उन्होंने टालते हुए संक्षिप्त टिप्पणी की और कहा, इस पर अभी कुछ नहीं कहना है।

## बंगाल चुनाव: रंगों के बाजार में दिख रहा सियासी रुझान, गेरुआ रंग की मांग सबसे अधिक



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल का विधानसभा चुनाव अब केवल एक राज्य तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केंद्र बन चुका है। पूरे देश की नजरें इस चुनाव पर टिकी हुई हैं और 4 मई को आने वाले नतीजों को लेकर राजनीतिक गलियारों से लेकर आम जनता तक में उत्सुकता बनी हुई है। हर कोई अपने–अपने आकलन और समीकरण के आधार पर संभावित परिणामों का अनुमान लगा रहा है। दूसरे चरण के मतदान (29 अप्रैल) से पहले एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जिसने चुनावी माहौल को और गर्म कर दिया है। यह जानकारी सीधे बाजार से जुड़ी है, जहां रंगों की बिक्री ने राजनीतिक चर्चा को नया आयाम दे दिया है।

कोलकाता के एक बड़े रंग थोक विक्रेता, जो पूरे बंगाल में सप्लाई करते हैं, ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि इस चुनावी माहौल में रंगों की बिक्री असामान्य रूप से बढ़ गई है। उनके अनुसार, इस बार करीब 80 प्रतिशत गेरुआ रंग और 20 प्रतिशत हरे रंग की बिक्री हुई है। विक्रेता का कहना है कि इस बार चुनाव के दौरान होली से भी ज्यादा रंगों की बिक्री हुई है। जो अपने आप में एक अलग संकेत देता है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, चुनावों के दौरान प्रतीकों और रंगों का विशेष महत्व होता है। अलग–अलग दलों के अपने–अपने पहचान के रंग होते हैं, जो उनके समर्थकों के बीच जोश और पहचान का माध्यम बनते हैं। यही वजह है कि चुनावी माहौल में रंगों की मांग भी सीधे तौर पर बढ़ जाती है और यह किसी न किसी रूप में जमीनी गतिविधियों का संकेत देती है। हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि चुनावी परिणामों को केवल बाजार के रुझानों से नहीं आंका जा सकता। अंतिम फैसला मतदाताओं के हाथ में होता है, जो मतदान के दिन अपने विवेक से निर्णय लेते हैं।

फिलहाल, पश्चिम बंगाल का चुनाव हर दृष्टिकोण से दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है, चाहे वह राजनीतिक रणनीति हो, जमीनी समीकरण हों या फिर बाजार के संकेत। अब सबकी नजरें 4 मई पर टिकी हैं, जब यह साफ हो जाएगा कि राज्य की सत्ता किसके हाथ में जाती है।

### डायमंड हार्बर विधानसभा : मतदाताओं को डराने–धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद जांच के आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** दूसरे चरण के चुनाव से पहले डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में बाइक पर सवार कुछ लोगों द्वारा स्थानीय लोगों को धमकाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद निर्वाचन आयोग ने रविवार को जांच के आदेश दिए। मामला सामने आते ही निर्वाचन आयोग ने डायमंड हार्बर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि आपराधिक धमकी और गैरकानूनी कृत्यों से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत रविवार को डायमंड हार्बर थाने में मामला दर्ज किया गया।

# बंगाल में अब परिवर्तन तय, विकास और राष्ट्रवाद की होगी वापसी : डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की राजनीति, विकास और कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर तीखे सवाल उठाए। प्रेस वार्ता में डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह चुनाव निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है और जनता का रुझान परिवर्तन की ओर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार, अपराध और तुष्टिकरण ने विकास को बाधित किया है। उन्होंने कहा कि जनता अब 'भय के वातावरण से निकलकर विकास और विश्वास के साथ नई सरकार चाहती है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि कभी कोलकाता देश का औद्योगिक और आर्थिक केंद्र हुआ करता था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। भाजपा का लक्ष्य इसे फिर से विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने महिला सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में अपराध और सजा की दर चिंताजनक है। डॉ. त्रिवेदी ने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर 5 वर्षों में एक करोड़ रोजगार सृजित किए जाएंगे। साथ ही, महिलाओं को 3000 मासिक सहायता और महिला सुरक्षा बल के गठन का वादा किया गया। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ रोकने के लिए 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' नीति लागू की जाएगी और बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि यह चुनाव केवल पश्चिम बंगाल का नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और भविष्य की दिशा तय करने वाला चुनाव है। अंत में, उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े और भाजपा को एक अवसर दिया जाए, जिससे राज्य में 'परिवर्तन का नया अध्याय' शुरू हो सके।



# तृणमूल को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह : नड्डा

**पूर्व बर्दवान/कोलकाता :** केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को राज्य में 'महाजंगल राज' होने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में तृणमूल सरकार को हटाने के लिए लोगों में 'जबरदस्त उत्साह' है। भातार में एक रोड शो के दौरान हुए नड्डा ने कहा कि आपको ममता दीदी की सरकार को उखाड़ फेंकने और भाजपा को सत्ता में लाने के लिए लोगों के बीच उत्साह, उमंग और इच्छा नजर आ सकती है। उन्होंने कहा कि लोग इस 'महाजंगल राज' को अलविदा कहना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि रोड़शो के दौरान सड़कों पर उमड़ी भारी भीड़ राज्य में राजनीतिक परिवर्तन की प्रबल इच्छा को दर्शाती है। बाद में, कोलकाता के बेहाला पश्चिम में एक अन्य रोड शो में, नड्डा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला दोहराते हुए उस पर शासन और विकास सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि 'भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था की समस्याओं और अवसरों की कमी' ने राज्य सरकार के खिलाफ जनता के गुस्से को भड़काया है और भाजपा पसंदीदा विकल्प के रूप में उभर रही है।



## एससी समुदाय पर ममता की टिप्पणियों का राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने लिया स्वत: संज्ञान

**कोलकाता, समाज्ञा**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने एक बंगाली न्यूज चैनल द्वारा प्रसारित एक वीडियो क्लिप का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। एनसीएससी की डायरेक्टर सोनाली दत्ता ने रविवार को राज्य के मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला और पुलिस महानिदेशक सिद्ध नाथ गुप्ता को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने बताया कि कमीशन ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इस मामले की 'जांच/पड़ताल' करने का फैसला किया है। इसमें आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को यह निर्देश भी दिया है कि वे नोटिस मिलने के तीन दिनों के भीतर दत्ता को 'एक्शन टेकन रिपोर्ट' (एटीआर) सौंपें। आयोग ने अब तक की गई किसी भी शुरुआती जांच का ब्योरा मांगा है, साथ ही यह भी पूछा है कि वीडियो क्लिप में कही गई बातों के जवाब में राज्य प्रशासन ने क्या कदम उठाए हैं। नारियाला और गुप्ता को भेजे गए इस संदेश में एनसीएससी ने चेतावनी दी है कि अगर तय समय-सीमा यानी तीन दिनों के भीतर एटीआर नहीं मिली, तो आयोग भारत के संविधान द्वारा मिली शक्तियों के अनुसार कार्रवाई करने के लिए मजबूर हो जाएगा।

# लोकतंत्र का उत्सव, सशक्त बंगाल के लिए मतदान की शक्ति का प्रयोग करें : महेंद्र जैन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को होने वाला मतदान राज्य के भविष्य को दिशा देने वाला एक अहम अवसर माना जा रहा है। इस अवसर पर महेंद्र जैन, अध्यक्ष, चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी), ने नागरिकों, विशेषकर व्यापारिक समुदाय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। श्री जैन ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर व्यवस्थाओं की चर्चा करते हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि उस व्यवस्था को चुनने की ताकत उनके अपने हाथ में होती है। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल 2026 को



142 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता न सिर्फ अपने प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे, बल्कि राज्य की प्रगति, सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता की दिशा भी तय करेंगे। श्री जैन ने जोर देते हुए कहा कि व्यापार और उद्योग की उन्नति के लिए एक मजबूत और स्थिर सरकार का होना जरूरी है। सही नेतृत्व के चयन से व्यापार-अनुकूल नीतियां बनती हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और आर्थिक विकास को गति मिलती है।

**❑ व्यापारियों से कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील**

उन्होंने कहा कि मतदान के दिन नागरिकों की पहली प्राथमिकता मतदान होना चाहिए। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपने कर्मचारियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें, ताकि कोई भी अपने इस अधिकार से वंचित न रह जाए।

**❑ युवा और महिला मतदाताओं से विशेष अपील**

पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और महिलाओं से विशेष रूप से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपनी ऊर्जा और विवेक का उपयोग कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

**❑ पहले मतदान, फिर काम का संदेश**

जैन ने कहा, लोकतंत्र में मौन रहना अपनी समस्याओं को स्वीकार करने के समान है। यदि हम बदलाव चाहते हैं, तो हमें घरों से निकलकर मतदान केंद्रों तक पहुंचना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को और मजबूत बनाएंगे। अंत में उन्होंने कहा, आपका एक वोट एक ईंट के समान है, जिससे मजबूत लोकतंत्र की नींव तैयार होती है। आइए, 29 अप्रैल को अपने कर्तव्य का पालन करें और एक सशक्त व गौरवशाली बंगाल के निर्माण में भागीदार बनें।

## ईडी ने 'सोना पप्पू' से जुड़ी वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में कोलकाता में दो कारोबारियों पर छापा मारा

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने रविवार को फरार अपराधी 'सोना पप्पू' से जुड़े कथित जमीन कब्जाने और वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में कोलकाता के कई स्थानों पर छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने आनंदपुर और अलीपुर क्षेत्रों में दो कारोबारियों के आवासों पर छापे मारे। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमें सुबह-सुबह सुरक्षा बलों के साथ महानगर के आनंदपुर स्थित कारोबारी कल्याण शुक्ला के आवास और अलीपुर में व्यवसायी संजय कानोरिया के ठिकानों पर पहुंची। ईडी अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि ये छापे वित्तीय अनियमितताओं और फरार आरोपी सोना पप्पू से संभावित संबंधों की जारी जांच का हिस्सा हैं। अधिकारियों का मानना है कि उसके कई कारोबारियों से करीबी संबंध थे, जिसके कारण एजेंसी ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाया है। ईडी अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान हमें कुछ अहम सुराग मिले, जिनके आधार पर हम इन परिसरों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि ईडी दो कारोबारियों की कथित वित्तीय गड़बड़ियों में भूमिका की जांच कर रही है और यह भी देखा जा रहा है कि क्या उन्होंने अवैध लेनदेन के माध्यम के रूप में काम किया। ईडी सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच जारी है तथा आने वाले दिनों में और भी छापेमारी हो सकती है।




समुत्कर्ष चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व सांसद धनंजय सिंह, एमएलसी ब्रिजेश सिंह, विधायक सुशील सिंह एवं विधायक (दरभंगा) सुजीत सिंह का स्वागत करते दीपक सिंह, सुजीत सिंह एवं अन्य गणमान्य।

## विजयगंज बाजार विस्फोट मामले में एनआईए की कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के विजयगंज बाजार इलाके में मार्च महीने में हुए विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान क्षेत्र के निवासी आहिदुल इस्लाम मोल्ला के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, भांगड़ के दक्षिण बामुनिया गांव में बम बनाते समय सिलसिलेवार विस्फोट हुआ था, जिसके बाद इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई थी। जांच के दौरान एजेंसी को अहम सुराग मिले, जिनके आधार पर यह गिरफ्तारी की गई।

एनआईए सूत्रों के मुताबिक, आहिदुल इस्लाम मोल्ला इस घटना




के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक है। जांच में यह भी सामने आया है कि वह बम बनाने की योजना में शामिल था और घटना के बाद सबूत मिटाने की कोशिश भी की थी।

गिरफ्तारी के बाद एनआईए अब उससे पूछताछ कर रही है, ताकि इस साजिश में शामिल अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके। एजेंसी का मानना है कि इस मामले में और भी गिरफ्तारी हो सकती है।

### एक्सिस बैंक वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 26 के वार्षिक परिणाम

**कोलकाता :** वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ : 7,071 करोड़ रहा जो पिछली तिमाही के मुकाबले 9% ज्यादा है। यह वृद्धि तिमाही आधार पर 8% फीस इनकम बढ़ने और एसेट क्वालिटी स्थिर रहने के कारण हुई; जमा और लोन दोनों में तिमाही आधार पर 6% की मजबूत वृद्धि देखी गई, जिसमें सीएएसए में तिमाही आधार पर 7% की अच्छी बढ़त का योगदान रहा। एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ, अमिताभ चौधरी ने कहा : जैसे-जैसे बैंकिंग डिजिटल हो रही है, भरोसा और सुरक्षा सबसे ज़रूरी हो गए हैं। इस तिमाही में हमने जो भी कदम उठाए हैं, उनका मकसद ग्राहकों को ताकत देना, साझेदारियों को बढ़ाना और अपनी टीम को और बेहतर बनाना है।

### महिन्द्रा एंड महिन्द्रा का पेटेंट पोर्टफोलियो पिछले दस साल में 20 गुना बढ़ा

**कोलकाता :** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) में निरंतर निवेश और 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए घोषणा की है कि पिछले एक दशक में, कंपनी को मिलने वाले पेटेंट की संख्या में 20 गुना वृद्धि हुई है। यह वित्त वर्ष 2016 में स्थापना के समय मिले 56 पेटेंट से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में 1334 हो गई है। पेटेंट के अलावा, कंपनी ने नवाचार में उत्कृष्टता के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। पिछले एक साल में ही, एमएंडएम ने बेस्ट पेटेंट पोर्टफोलियो के लिए सीआईआई आईपी अवार्ड, टॉप 50 इनोवेटिव कंपनी 2025 होने के लिए सीआईआई इनोवेशन अवार्ड, उद्योग-अकादमिक साझेदारी के लिए सीआईआई नेशनल अवार्ड, क्वेस्टेल आईपी एक्सीलेंस अवार्ड और सीएमओ एशिया अवार्ड्स 2025 में सम्मान प्राप्त किया है।

### भारत में यूज़र्स के लिए व्हाट्सएप ने शुरू की प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज सुविधा, पेयू के साथ साझेदारी में

**कोलकाता :** व्हाट्सएप ने घोषणा की कि भारत में लोग अब ऐप के भीतर ही सीधे प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज कर सकते हैं। पेयू द्वारा संचालित यह फीचर एंड्रॉइड और आईओएस पर चरणबद्ध तरीके से रोलआउट हो रहा है और आने वाले हफ्तों में सभी यूज़र्स के लिए उपलब्ध होगा। रवि गर्ग, डायरेक्टर, बिज़नेस मैसेजिंग, मेटा इंडिया, ने कहा, भारत में व्हाट्सएप वह जगह है जहां लोग अपने दोस्तों और परिवार से जुड़ते हैं - और अब बढ़ते हुए, वहीं रोज़मर्रा के ज़रूरी काम भी करते हैं। हेमंग दत्तानी, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, पेयू पेमेंट्स, ने कहा, पेयू में हम मानते हैं कि सबसे अच्छा पेमेंट अनुभव वही है जो उन प्लेटफॉर्म्स में स्वाभाविक रूप से जुड़ा हो, जहां यूज़र्स पहले से अपना समय बिताते हैं।

### कोलकाता में मार्च 2025 में 5,075 संपत्ति पंजीकरण दर्ज

**कोलकाता :** कोलकाता महानगरीय क्षेत्र (केएमए) में मार्च 2026 के दौरान 5,075 आवासीय संपत्ति पंजीकरण दर्ज किए गए, जो मुख्यतः आधार प्रभाव के कारण वर्ष-दर-वर्ष 10% की गिरावट दर्शाते हैं। इसके बावजूद, 2026 की पहली तिमाही में 2022 के बाद दूसरा सबसे अधिक पंजीकरण स्तर दर्ज किया गया। शिशिर बैजल, इंटरनेशनल पार्टनर, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा,कोलकाता के आवासीय बाजार में मार्च 2026 में 5,075 पंजीकरण दर्ज किए गए, जो पिछले वर्ष के उच्च आधार के कारण वर्ष-दर-वर्ष 10% की नियंत्रित गिरावट को दर्शाते हैं। हालांकि, पंजीकरण में महीने-दर-महीने 2% की वृद्धि अंतर्निहित मांग की स्थिरता को संकेत देती है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने विवेक त्रिपाठी को पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने घोषणा की कि आरबीआई ने विवेक त्रिपाठी की तीन वर्ष की अवधि के लिए बैंक के पूर्णकालिक निदेशक (कार्यकारी निदेशक) के रूप में नियुक्ति को मंज़ूरी प्रदान कर दी है। 47 वर्षीय विवेक त्रिपाठी की बोर्ड में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्ति, एयू एसएफबी की आंतरिक रूप से अगली पीढ़ी के नेतृत्व को विकसित करने और दीर्घकालिक उत्तराधिकार योजना को संस्थागत स्वरूप देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए, संजय अग्रवाल, संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, ने कहा, विवेक पिछले एक दशक से एयू की नेतृत्व यात्रा का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और उन्होंने व्यवसाय, क्रेडिट तथा संस्थागत गवर्नेंस के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## गड़िया में फ्लैट से महिला का शव बरामद, पति लापता

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के गड़िया इलाके में रविवार की सुबह एक महिला का शव उसके फ्लैट से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृत महिला की पहचान एनाक्षी दास (25) के रूप में हुई है। घटना के बाद से उसका पति सौमिक दास लापता है, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, गड़िया स्टेशन के पास एक फ्लैट में एनाक्षी दास अपने पति सौमिक दास और आठ वर्षीय बेटे के साथ रहती थीं। सौमिक एक निजी कॉलेज में प्राध्यापक बताया जा रहा है। इस दिन, सुबह में जब घर की नौकरानी काम पर पहुंची, तो कई बार घंटी बजाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला। उसने एनाक्षी को फोन भी किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर नौकरानी ने पड़ोसियों से संपर्क किया, लेकिन किसी के पास फ्लैट की चाबी नहीं थी। इसके बाद, उसने दरवाजे को धक्का दिया, जो खुल गया। अंदर जाने पर उसने देखा कि एक कमरे में आठ साल का बच्चा सो रहा था, जबकि दूसरे कमरे में एनाक्षी दास बिस्तर पर अचेत पड़ी थीं। यह देखकर वह घबरा गई और शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसी मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतका के मायकेवालों को भी सूचना दे दी है। नरेंद्रपुर थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सौमिक दास की तलाश कर रही है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि पत्नी की हत्या के बाद वह फरार हो गया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# सिर्फ सुरक्षा नहीं, संरक्षण भी: पूर्व रेलवे का आरपीएफ बना बेजुबानों की आवाज

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) इन दिनों न केवल यात्रियों की सुरक्षा बल्कि वन्यजीव संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन वाइलप के तहत आरपीएफ ने बीते दो वर्षों में बड़ी संख्या में बेजुबान जानवरों और पक्षियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमिया नंदन सिन्हा के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। रेलवे परिसर और ट्रेनों का उपयोग कर किए जाने वाले वन्यजीव तस्करी के मामलों पर आरपीएफ ने सख्ती से अंकुश लगाया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-2025



में 14 मामलों का खुलासा किया गया, जिसमें 3 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 188 कछुए, 130 बुलबुल, 6 बाज के बच्चे, 5 इगुआना और 4 फाल्कन को बचाया गया। वहीं, वर्ष 2025-2026 में कार्रवाई और तेज हुई, जिसमें 20 मामलों का पता लगाया गया और 26 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 1,646 कछुए, 600 तोते, 48 कबूतर, 20 अन्य पक्षी, 6 खरगोश, 6 राजहंस, 40 मोर पंखों के बंडल और 3 सांपों को बरामद किया गया। बचाए गए सभी वन्यजीवों को तत्काल वन विभाग को सौंप दिया गया, ताकि उनका पुनर्वास कर उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा सके। आरपीएफ द्वारा ट्रेनों में एस्कॉर्टिंग, स्टेशनों पर कड़ी निगरानी और आधुनिक तकनीक के उपयोग से तस्करी के नेटवर्क को लगातार ध्वस्त किया जा रहा है।

रेलवे अधिनियम के तहत ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही वन विभाग और खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर तस्करों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि रेलवे की पटरियां केवल शहरों को जोड़ने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का दायित्व भी निभाती हैं। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देकर इस अभियान में सहयोग करें, क्योंकि एक छोटी सी सूचना भी किसी बेजुबान जीव की जान बचा सकती है। पूर्व रेलवे का आरपीएफ इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत प्रहरी के रूप में उभर रहा है।

## पूर्व रेलवे का माहभर का 'स्वच्छता अभियान' पूरे जोन में बना जनआंदोलन

**❑ यात्रियों की भागीदारी से स्वच्छता अभियान ले रहा व्यापक रूप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व भारत में रेल यात्रा अब केवल आवागमन तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह स्वच्छता को लेकर एक व्यापक जनआंदोलन का रूप लेती जा रही है। महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के नेतृत्व में पूर्व रेलवे द्वारा 15 अप्रैल से 14 मई तक चलाया जा रहा स्वच्छता जागरूकता अभियान - स्वच्छ भारत, स्वच्छ रेल पूरे जोन में संगठित रूप से संचालित हो रहा है। इस अभियान में चारों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ इंजीनियरिंग, वाणिज्य सहित सभी विभाग सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। वहीं ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवक जमीनी स्तर पर इसे जनआंदोलन में बदलने में महत्वपूर्ण




भूमिका निभा रहे हैं।

अभियान के तहत ट्रेनों और स्टेशनों पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। 10वें दिन एक 10 सदस्यीय टीम ने ट्रेन संख्या 15235 से आसनसोल से चित्तरंजन तक यात्रा कर यात्रियों को कूड़ेदान के उपयोग और प्लास्टिक कम करने के लिए प्रेरित किया तथा वापसी में ट्रेन संख्या 22198 से संदेश को आगे बढ़ाया। इसी दौरान वर्दवान जंक्शन पर स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं ने रचनात्मक संदेश दिए, जबकि बैंडेल जंक्शन पर 'पीपल-टू-पीपल' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर यात्रियों से सीधे संवाद किया गया।

25 अप्रैल को अभियान ने और गति पकड़ी, जब 13288 पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस (चित्तरंजन से मधुपुर) और 03202 पटना-आसनसोल मेमू में जागरूकता अभियान चलाया गया। नैहाटी रेलवे स्टेशन पर स्वच्छ स्टेशन, स्वस्थ राष्ट्र विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर स्टेशन परिसर को प्रेरणादायक संदेशों से सजाया गया। 26 अप्रैल को दक्षिणेश्वर रेलवे स्टेशन और बालीगंज रेलवे स्टेशन पर विशेष अभियान चलाकर यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी आयु वर्ग की भागीदारी देखी गई।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि लोगों की सोच में बदलाव लाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि पोस्टर, स्लोगन और जनसंवाद जैसे छोटे-छोटे प्रयास मिलकर स्वच्छता की मजबूत संस्कृति विकसित कर रहे हैं और यात्रियों का सहयोग इस मिशन की सफलता की कुंजी है।

## यह चुनाव भाजपा के 'कुशासन' से देश को बचाने के लिए एक 'बड़ी परीक्षा' है : अरविंद केजरीवाल

**❑ पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा... 'भाजपा ने दिल्ली के काम रोके, बंगाल में भी वही साजिश'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा एवं निर्वाचन आयोग की साजिश के कारण विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के तहत राज्य की मतदाता सूची से 27 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। उन्होंने दावा किया कि यह उनके नागरिकता दस्तावेजों को निशाना बनाने की एक बड़ी योजना का हिस्सा था। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विधानसभा चुनावों के लिए 3.5 लाख सुरक्षा कर्मियों को तैनात करके राज्य की जनता का 'अपमान' करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने उन लोगों से तृणमूल कांग्रेस का समर्थन करने की अपील की जिनके नाम कथित तौर पर मतदाता सूची से हटा दिए गए थे। इस दिन, बालीगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जाइये और अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों से कहिये कि वे इस चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों को वोट दें। दीदी को भाजपा के खिलाफ यह लड़ाई जीतनी ही होगी, क्योंकि भाजपा चुनाव जीतने



की एक बड़ी साजिश के तहत आपके नागरिकता अधिकारों को छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि याद रखिए, वे (भाजपा) आपके नागरिकता दस्तावेज, जैसे राशन कार्ड, रद्द करवा देंगे, और केवल ममता बनर्जी ही आपकी मदद कर सकती हैं। वह आपके साथ खड़ी रहेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनाव को प्रभावित करने के लिए राज्य के बाहर से लोगों को ला रहे हैं और कहा कि भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री राज्य में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह दर्शाता है कि कैसे एक साधारण कद-काठी वाली महिला मोदी और शाह के सामने मजबूती से खड़ी है और भाजपा को ललकार रही है।

### दुर्गापुर में प्लास्टिक गोदाम में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**आसनसोल :** दुर्गापुर के डीवीसी मोड़ से सटे नजरुल पल्ली इलाके में रविवार की सुबह एक खुले मैदान के प्लास्टिक गोदाम में भयावह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गोदाम में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बैग रखे हुए थे। इस दिन, सुबह करीब 11 बजे अचानक गोदाम से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही दुर्गापुर फायर स्टेशन से सबसे पहले एक दमकल इंजन मौके पर पहुंचा। आग की गंभीरता को देखते हुए बाद में दो और दमकल गाड़ियां भेजी गईं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# भवानीपुर : ममता के गढ़ में शुभेंदु के मैदान में उतरने से मुकाबला रोमांचक

- ❑ 29 अप्रैल का मतदान बना राज्य की प्रतिष्ठा की लड़ाई
- ❑ तृणमूल का भरोसा कल्याणकारी योजनाओं और 'दीदी' छवि पर
- ❑ भाजपा की नजर बूथ स्तर पर हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण पर





**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजनीति में, भवानीपुर अब महज दक्षिण कोलकाता की एक साधारण विधानसभा सीट नहीं रह गई है, बल्कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी का गढ़ माने जाने वाले इस सीट से भाजपा ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को मैदान में उतारकर मुकाबला रोमांचक बना दिया है। भाजपा ने इस सीट को 'मनोवैज्ञानिक युद्धक्षेत्र' में पेश किया है, जहां उस चुनावी मुकाबले की नींव रखी जा रही है, जिसे बंगाल में कई लोग 'सबसे बड़ा मुकाबला' कह रहे हैं। मुख्यमंत्री और इस निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार की विधायक बनर्जी का सीधा मुकाबला विपक्ष के नेता और भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी से है, जिसके चलते 29 अप्रैल के चुनाव ने भवानीपुर को राज्य की सबसे चर्चित 'प्रतिष्ठा की लड़ाई' में बदल दिया है। ममता बनर्जी के करीबी समझे जाने वाले शुभेंदु ने 2021 में तृणमूल छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में नंदीग्राम सीट पर बनर्जी को हराया था। पांच साल बाद, अब यह चुनावी मुकाबला बनर्जी के गढ़ में हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस के लिए, भवानीपुर सीट बरकरार रखना मुख्यमंत्री के अपने ही क्षेत्र में उनकी राजनीतिक सत्ता को बरकरार रखने जैसा है। भाजपा के लिए, इसे भेदना बंगाल की सबसे शक्तिशाली नेता के इर्द-गिर्द बनी 'अजेय' की छवि को तोड़ने जैसा होगा। कोलकाता नगर निगम के आठ वार्ड में फैला भवानीपुर अक्सर 'मिनी इंडिया' कहलाता है, एक ऐसा निर्वाचन क्षेत्र जहां बंगाली, गुजराती व्यापारी, पंजाबी और सिख परिवार, मारवाड़ी और जैन परिवार, साथ ही बड़ी संख्या में मुस्लिम मतदाता रहते हैं। बिहार, ओडिशा और झारखंड से आए प्रवासी इस सामाजिक विविधता में एक और आयाम जोड़ते हैं। भवानीपुर में लगभग 42 प्रतिशत मतदाता बंगाली हिंदू हैं, 34 प्रतिशत गैर-बंगाली हिंदू और लगभग 24 प्रतिशत मुस्लिम हैं, जो इस निर्वाचन क्षेत्र को सामाजिक रूप से विविध और राजनीतिक रूप से संवेदनशील बनाते हैं। ऐसा लगता है कि इसी समीकरण ने अधिकारी को बनर्जी को उनके गृह क्षेत्र में चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित किया है। भाजपा ने महीनों से भवानीपुर में बूथ-दर-बूथ का आंकड़ा तैयार किया है। पार्टी नेताओं का दावा है कि मतदाताओं में कायस्थ 26.2 प्रतिशत, मुस्लिम 24.5 प्रतिशत, पूर्वी भारत का प्रवासी समुदाय 14.9 प्रतिशत, मारवाड़ी 10.4 प्रतिशत और ब्राह्मण 7.6 प्रतिशत हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इस कवायद से यह पता लगाने में मदद मिली कि बंगाली हिंदू बहुसंख्यक क्षेत्र कौन से हैं, हिंदी भाषी व्यापारी समुदाय कहां केंद्रित हैं और किन बूथ पर मुस्लिम मतदाताओं का प्रभाव रहने की संभावना है। कोलकाता के महापौर और टीएमसी के वरिष्ठ नेता फिरहाद हकीम ने कहा, 'यह सिर्फ एक साधारण सीट नहीं है। यहां के लोग ममता बनर्जी की विकास और समावेशिता की राजनीति का बार-बार समर्थन करते रहे हैं।' टीएमसी ने 'घर की बेटी' के भावनात्मक नारे को भी फिर से उठाया है, ताकि बनर्जी के समर्थन में लोगों को लामबंद किया जा सके। यह चुनाव प्रचार आक्रामकता के बजाय आत्मीयता पर अधिक केंद्रित है – बनर्जी को मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि मोहल्ले की अपनी दीदी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। लक्ष्मी भंडार, कन्याश्री और महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा जैसी कल्याणकारी योजनाएं इस लोकप्रियता का मुख्य आधार बनी हुई हैं। हालांकि, भाजपा का मानना है कि स्थिति बदल गई है। उसकी रणनीति बूथ स्तर पर जातिगत समीकरणों और बंगाली एवं गैर-बंगाली समुदायों के हिंदू वोटों को एकजुट करने पर आधारित है। भाजपा नेता देबजीत सरकार ने कहा, 'यहां की लड़ाई एक नारे से नहीं लड़ी जा सकती। इसे बूथ दर बूथ, समुदाय दर समुदाय लड़ना होगा। राज्य अब 'राम राज्य' चाहता है। लोग तुष्टीकरण की राजनीति से ऊब चुके हैं।'

# 29 अप्रैल और 4 मई को कोलकाता में कड़ा यातायात नियंत्रण, कई मार्ग बंद

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान (29 अप्रैल) और मतगणना (4 मई) को देखते हुए कोलकाता पुलिस ने शहर में व्यापक यातायात नियंत्रण व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 28 अप्रैल (मतदान पूर्व), 29 अप्रैल (मतदान दिवस) और 4 मई (गणना दिवस) को विशेष प्रतिबंध लागू रहेंगे। हालांकि, चुनाव आयोग के कार्य में लगे वाहनों को इन नियमों से छूट दी गई है। पुलिस के अनुसार, 29 अप्रैल को सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक कई इलाकों में यातायात नियंत्रित रहेगा। कस्बा स्थित एक्रोपोलिस मॉल और गीतांजलि स्टेडियम के पीछे की सड़क को एकतरफा किया गया है। अलीपुर में जजेस कोर्ट से अलीपुर रोड क्रॉसिंग तक पश्चिम दिशा की सड़क बंद रहेगी और वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। हरीश मुखर्जी रोड पर सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक पश्चिममुखी यातायात पर रोक रहेगी, जबकि हाजरा क्रॉसिंग से भी वाहनों को मोड़ दिया जाएगा। ऑकलैंड रोड और लॉर्ड सिन्हा रोड पूरी तरह बंद रहेंगी।

मतगणना के दिन 4 मई को सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक और सख्त नियंत्रण लागू रहेगा। डायमंड हार्बर रोड, एकबालपुर क्रॉसिंग, हेस्टिंग्स और अन्य प्रमुख मार्गों पर यातायात डायवर्जन रहेगा। बालिगंज सर्कुलर रोड, रिची रोड, शरत बोस रोड, बेलतला रोड, पालित रोड, पद्मपुकुर रोड, लवलेक रोड, चक्रबेड़िया रोड, डोवर लेन, देओदार स्ट्रीट और लॉर्ड सिन्हा रोड समेत कई सड़कों को बंद रखने की संभावना है।

इन तीनों दिनों में शहर के कई प्रमुख इलाकों में पार्किंग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, जिनमें एक्रोपोलिस मॉल, गीतांजलि स्टेडियम, नेताजी इंडोर स्टेडियम क्षेत्र, स्ट्रैंड रोड और बीटी रोड के हिस्से शामिल हैं। पुलिस ने नागरिकों से वैकल्पिक मार्ग अपनाने और निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## कर्मचारी संकट से जूझ रहा आयोग, पहले चरण के केंद्रीय कर्मचारियों को फिर तैनात करने का निर्देश

**कोलकाता :** दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव से पहले कर्मचारी संकट को लेकर चुनाव आयोग चिंतित नजर आ रहा है। सात जिलों के 142 केंद्रों पर होने वाले मतदान के लिए आयोग ने पहले चरण में कार्यरत केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को दोबारा तैनात करने का निर्देश दिया है। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, पहले चरण में काम कर चुके कुल 17,276 केंद्रीय कर्मचारियों को तत्काल जिला-वार आधार पर दूसरे चरण के चुनाव कार्य में लगाया जाएगा। किन कर्मचारियों ने पहले किस जिले में काम किया था, इसका भी विवरण जारी किया गया है। सबसे अधिक तैनाती दक्षिण 24 परगना में की जा रही है, जहां 6,620 कर्मचारियों की आवश्यकता है। यहां के लिए पश्चिम बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर और पूर्व मेदिनीपुर से कर्मियों को लाया जा रहा है। इसके बाद उत्तर 24 परगना में 5,680 कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है, जहां अलीपुरद्वार, कूचबिहार, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और मुर्शिदाबाद से कर्मियों को भेजा जा रहा है। इसके अलावा कोलकाता दक्षिण, हावड़ा, नदिया और हुगली में भी कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि तत्काल नियुक्ति पत्र जारी कर व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# काकद्वीप में सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल की सख्त चेतावनी : मतदान में बाधा बर्दाश्त नहीं



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र तैयारियों और कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए राज्य के मुख्य चुनावी अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल रविवार को काकद्वीप पहुंचे। यहां उन्होंने महकमा शासक कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक की और सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों व उनके चुनावी एजेंटों के साथ भी चर्चा की।

बैठक में स्पष्ट संदेश दिया गया कि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा या हिंसा को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत हर संभावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। बैठक में दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी, सुंदरबन पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की स्थिति संतोषजनक है और सभी को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य रखते हुए लोगों से बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदान में बाधा डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

सीईओ ने बताया कि हर बूथ पर सीसीटीवी और लाइव फीड की व्यवस्था है, जिससे 10 मिनट पहले तक की गतिविधियां भी देखी जा सकती हैं। केंद्रीय बलों को निर्देश दिया गया है कि बूथ के 100 मीटर के भीतर केवल वैध मतदाता पहचान पत्र वाले लोगों को ही प्रवेश दिया जाए। बाइक के जरिए किसी भी प्रकार की दबंगई पर भी सख्ती से रोक लगाई जाएगी।

इससे पहले मनोज कुमार अग्रवाल पूर्व बर्धमान जिले के दौरे पर भी गए, जहां उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में पहले चरण से अधिक मतदान होने की उम्मीद है और इसके लिए जनता में उत्साह दिखाई दे रहा है।

## एवरैडी ने जम्मू में शुरू किया भारत का एकमात्र ऑपरेटिंग एल्केलाईन बैटरी प्लांट

**जम्मू/ कोलकाता :** एवरैडी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, जो ड्राय सैल बैटरी सेगमेन्ट में 52 फीसदी से अधिक मार्केट शेयर बनाते हैं, ने जम्मू में भारत की एकमात्र ऑपरेटिंग एल्केलाईन बैटरी युनिट के उद्घाटन की घोषणा की। इस आधुनिक ग्रीनफील्ड युनिट का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया। इस अवसर पर एवररैडी इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड के प्रमोटर एवं नॉन-एक्ज़क्टिव डायरेक्टर मोहित बर्मन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, आज मुझे सांबा में एवररैडी इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड की नई इंडस्ट्रियल युनिट के उद्घाटन का अवसर मिला। रु200 करोड़ के निवेश से स्थापित यह प्लांट स्थानीय स्तर पर नौकरियां पैदा कर, सहायक युनिट्स को बढ़ावा देकर, महिलाओं और युवाओं के लिए अवसर उत्पन्न कर और जम्मू-कश्मीर के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उद्घाटन के अवसर पर एवरैडी इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड के सीईओ, अनिरबन बैनर्जी ने कहा, हम जम्मू-कश्मीर सरकार के प्रति आभारी हैं कि उन्होंने इस ऐतिहासिक विकास को संभव बनाने में हमें सहयोग दिया है।

## मतदान से पहले भांगड़ में तृणमूल कार्यकर्ता के घर से 100 बम बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनावी माहौल के बीच भांगड़ इलाके में एक बार फिर बम बरामदगी से सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, रविवार को उत्तर काशीपुर थाना क्षेत्र के छेले गोयालिया इलाके में एक आम बागान से करीब 100 जिंदा बम बरामद किए गए। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। पुलिस के अनुसार, मिली सूचना के आधार पर इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। एक संदिग्ध घर के पीछे स्थित बागान में जांच के दौरान एक बैग मिला, जिसे खोलने पर भारी मात्रा में ताजा बम बरामद हुए। इसके बाद, पूरे इलाके को घेर लिया गया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी बमों को निष्क्रिय कर दिया। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और इलाके में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि बम किसने जमा किए और इसके पीछे क्या साजिश है।

# बंगाल को बचाइए, अब समय आ गया है : जी. किशन रेड्डी

- ❑ राजनीति से परे, सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के मौजूदा हालात और भविष्य की दिशा को लेकर कोलकाता में बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ एक महत्व-पूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसे राज्य के लिए एक निर्णायक समय पर बंगाल की चेतना को जागृत करने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित नारायण चक्रवर्ती, जिष्णु बोस सहित कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने चर्चा की गंभीरता को रेखांकित किया। यह संवाद केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी पर केंद्रित रहा। इसका उद्देश्य शहरी, जागरूक और प्रभावशाली मतदाताओं को एक मंच पर लाकर राज्य के भविष्य को लेकर सार्थक चर्चा करना था। इस दौरान यह बात उभरकर सामने आई कि बंगाल इस समय एक अहम मोड़ पर खड़ा है और वर्तमान फैसले राज्य की पहचान, अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक दिशा तय करेंगे।

केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपने संबोधन में कहा कि वे यहां किसी नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक चिंतित नागरिक के रूप में आए हैं, जो मानते हैं कि बंगाल इससे बेहतर का हकदार है। उन्होंने राज्य में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों पर चिंता जताते हुए कहा कि यह सामाजिक ताने-बाने और स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने बंगाल की सांस्कृतिक पहचान की रक्षा पर भी जोर दिया और तुष्टिकरण की राजनीति को शासन और विकास के लिए बाधक बताया।

चर्चा में बंगाल के गौरवशाली अतीत और वर्तमान चुनौतियों के बीच अंतर को रेखांकित किया गया। कभी शिक्षा, उद्योग और वैचारिक नेतृत्व में अग्रणी रहा राज्य आज कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। हालांकि, यह भी कहा गया कि सामूहिक प्रयासों से इस स्थिति को बदला जा सकता है। कार्यक्रम में शहरी मतदाताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनसे सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। साथ ही शिक्षा, उद्योग, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण को लेकर एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया। अंत में यह संदेश दिया गया कि अब केवल चर्चा नहीं, बल्कि निर्णायक कदम उठाने का समय है क्योंकि बंगाल का भविष्य किसी समझौते का विषय नहीं हो सकता।

# बंगाल ने सबको जांचा- सबको परखा, एक बार भाजपा को भी मौका देकर देखें : विधायक विनोद नारायण झा

- ❑ बिहार से भाजपा विधायक ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में हावड़ा में किया चुनाव प्रचार
- ❑ कहा- यह सिर्फ बंगाल का चुनाव नहीं है, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है

**कोलकाता :** बिहार विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक, वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री विनोद नारायण झा ने रविवार को राज्य की जनता से आह्वान करते हुए कहा कि बंगाल ने सबको जांचा -सबको परखा है, एक बार भाजपा को भी जांच-परखकर व मौका देकर देखें। बंगाल में दूसरे व अंतिम चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार के लिए आए मधुबनी जिले के बेनीपट्टी से विधायक झा ने शनिवार व रविवार को लगातार दो दिनों तक हावड़ा के बाली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लिलुआ के मीरपाड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर उन्होंने कुछ नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया और ममता बनर्जी सरकार के कथित कुशासन, तुष्टीकरण एवं गुंडागर्दी के विरुद्ध बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। बंगाल में बढ़ते घुसपैठ की समस्या और डेमोग्राफी में बदलाव पर चिंता जताते हुए झा ने कहा कि यह केवल एक राज्य का चुनाव नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने बंगाल के लोगों से विकास, सुरक्षा, सुशासन एवं घुसपैठियों को खदेड़ने हेतु भाजपा को एक मौका देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि अंग, बंग और कलिंग-इन ऐतिहासिक क्षेत्रों में बंगभूमि का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकास और राष्ट्रवाद की यह लहर अब बंगाल में अवश्य उठेगी। जनसंघ के संस्थापक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, जो इस भूमि के पुत्र थे, उनके सपनों को साकार करने का समय आ गया है। भाजपा की सरकार बनने पर कोलकाता और बंगाल को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। झा ने जोर देकर कहा कि एक ओर बंगाल की जनता ने 30 वर्षों तक कांग्रेस को मौका दिया, 34 वर्षों तक वामपंथियों को मौका दिया और तीन बार तृणमूल कांग्रेस को मौका दिया है-अब एक बार भाजपा को अवसर दें। निश्चित रूप से परिवर्तन का स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। पहले चरण में हुए बंगाल में रिकार्ड मतदान का उल्लेख करते हुए झा ने कहा कि जनता का उत्साह और समर्थन यह दर्शाता है कि इस बार बंगाल परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध है।



हावड़ा के लिलुआ में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित करते बिहार से भाजपा विधायक विनोद नारायण झा।

# अशोक गहलोत ने राज्य में भाजपा के प्रवेश के लिए ममता की विफलताओं को जिम्मेदार ठहराया

## पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा... 'बंगाल में भ्रष्टाचार और घोटालों के संदेश ने जनता के बीच गलत प्रभाव डाला'




**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए कोलकाता पहुंचे राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को निशाने पर लिया। गहलोत ने भाजपा के राज्य में प्रवेश के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। गहलोत ने रविवार को कोलकाता प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी के रुख का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा कि बंगाल की धरती पर भाजपा की एंट्री के लिए सीधे तौर पर ममता बनर्जी और उनकी सरकार का भ्रष्टाचार और नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने राहुल गांधी के बयान को दोहराते हुए कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार और घोटालों के संदेश ने जनता के बीच गलत प्रभाव डाला है। सरकार के भीतर की चुप्पी ने भाजपा को राज्य में सेंध लगाने का मौका दे दिया।

गहलोत ने सवाल उठाया कि जिस प्रदेश की संस्कृति इतनी समृद्ध हो, वहां यदि भाजपा घुस रही है, तो इसके लिए ममता सरकार की विफलताएं ही दोषी हैं। बंगाल में कभी सोच नहीं सकते थे कि भाजपा कभी प्रवेश भी करेगी, यहां की संस्कृति बिल्कुल अलग है, उस प्रदेश के अंदर अगर भाजपा घुस रही है तो कौन दोषी है? पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार और भाजपा की कार्यशैली को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का ग्राफ लगातार गिर रहा है। उन्होंने भाजपा पर 'हॉर्स ट्रेडिंग' के जरिए लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया।

**Change of Name**

I, Dilip Kumar Singh (Old Name) S/o Jay Kishun Singh Residing at Ward No - 07, Chamrahra, P.o - Mahnar Road Rs, District - Vaishali, Bihar - 844507, India, have changed my name and shall henceforth be known as Dilip Singh (New Name) as declared before the Notary Public Kolkata vide affidavit Dated 22-04-2026. Dilip Kumar Singh (Old Name) and Dilip Singh (New Name) both are same and one identical person.

# हावड़ा में रवि किशन के रोड शो में बवाल, भिड़े भाजपा-टीएमसी समर्थक



- ❑ 'जय बांग्ला' और 'जय श्री राम' के नारों पर तनाव, लाठीचार्ज कर भीड़ को किया तितर-बितर

**हावड़ा, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के चुनावी माहौल के बीच उत्तर हावड़ा में रविवार को नारेबाजी को लेकर गंभीर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके बाद केंद्रीय सुरक्षा बलों को हस्तक्षेप कर लाठीचार्ज करना पड़ा। उत्तर हावड़ा से भाजपा प्रत्याशी उमेश राय के समर्थन में अभिनेता एवं नेता रवि किशन एक रोड शो कर रहे थे। यह जुलूस जैसे ही लिलुआ बी रोड क्षेत्र में पहुंचा, तभी स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसी दौरान क्षेत्र में मौजूद तृणमूल कांग्रेस समर्थक अपने चुनावी कार्यालय के सामने जय बांग्ला के नारे लगा रहे थे। इसके जवाब में भाजपा समर्थकों ने जय श्री राम के नारे लगाने शुरू कर दिए, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और फिर झड़प की स्थिति बन गई। देखते ही देखते माहौल गरमा गया और भीड़ में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। स्थिति के बिगड़ते ही मौके पर तैनात केंद्रीय सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया और दोनों पक्षों को अलग किया। इस हस्तक्षेप के बाद हालात पर काबू पा लिया गया। घटना के बाद कुछ समय तक इलाके में तनाव और अस्थिरता बनी रही, हालांकि बाद में पुलिस और सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती के चलते स्थिति सामान्य हो गई।

## उत्तर हावड़ा में तनाव के बीच केंद्रीय बलों का रूट मार्च, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान की तैयारी तेज



**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुए तनावपूर्ण घटनाक्रम के बाद चुनाव आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक रूट मार्च किया गया, जिससे मतदाताओं में विश्वास और सुरक्षा का संदेश दिया जा सके। इसी क्षेत्र में सुबह के समय बी रोड इलाके में उस वक्त तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब गोरखपुर के सांसद रवि किशन के रोड शो के दौरान नारेबाजी को लेकर विवाद बढ़ गया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच जय बांग्ला और जय श्री राम के नारों को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे हाथापाई में बदल गई। स्थिति बिगड़ते ही मौके पर तैनात केंद्रीय सुरक्षा बलों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। इसके बाद दोनों पक्षों को अलग कर हालात को काबू में किया गया और क्षेत्र में शांति बहाल की गई। घटना के बाद प्रशासन ने पूरे उत्तर हावड़ा विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है और लगातार रूट मार्च किया जा रहा है। सुरक्षा बलों का उद्देश्य मतदाताओं में भरोसा कायम रखना और यह सुनिश्चित करना है कि मतदान प्रक्रिया बिना किसी बाधा और भय के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो।

**Format C1**

**DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES**
**(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011)**

**Name of Candidate:** Santosh Kumar Singh
**Address:** 70/B/5, Khatir Bazar Lane, Mahesh, Serampore, Hooghly – 712202
**Political Party:** Independent
**Election:** West Bengal Legislative Assembly Election – 2026
**Constituency:** Sreerampur (AC No. 186)

I, Santosh Kumar Singh, a candidate for the above-mentioned election, hereby declare the following details regarding my criminal antecedents for public information:

**(A) PENDING CRIMINAL CASES**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned brief description offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | JM-IV | 365/2014 | Evidence | IPC 341, 323, 326, 34 |
| 2. | JM 1st Class | 217/2018 | Appearance | IPC 147, 188, 506, 504, 353, 34 |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Description of offence(s) & punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |

## राजस्थान के कई हिस्सों में लू का प्रकोप जारी, बाड़मेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस

**जयपुर:** राजस्थान के कई हिस्सों में लू का प्रकोप जारी है तथा रविवार को बाड़मेर में दिन में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान केंद्र (जयपुर) के अनुसार राज्य के अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। केंद्र के अनुसार जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोटा और चित्तौड़गढ़ में यह 45.2 डिग्री सेल्सियस रहा। केंद्र के मुताबिक फलोदी में अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 44.6 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर और पिलानी (झुंझुनूं) में 44.4 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 44.2 डिग्री सेल्सियस, श्रीगंगानगर में 43.7 डिग्री सेल्सियस और जयपुर में 42.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। उसका कहना है कि हालांकि, 28 से 30 अप्रैल के बीच पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य के पश्चिमी और उत्तरी इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

## पुलिस बैरक में फंदे से लटका मिला बिहार पुलिस के जवान का शव

**पटना:** पटना में बिहार पुलिस के एक जवान का शव उसकी बैरक के एक कमरे की छत से लटका हुआ पाया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-1 (जिसे 'गोरखा बटालियन' के नाम से जाना जाता है) के एक हवलदार की कथित तौर पर आत्महत्या से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह किसी बीमारी से जूझ रहे थे। मृतक ने अपने पीछे दो सुसाइड नोट छोड़े हैं, जिनमें से एक हिंदी में और दूसरा उनकी मातृभाषा नेपाली में है। एसएसपी ने कहा, सुसाइड नोट से ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक हवलदार नवराज सुनार किसी बीमारी से पीड़ित थे, जिसके कारण वह काफी मानसिक पीड़ा में थे और इसी वजह से उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। पोस्टमार्टम के बाद शव को नेपाल स्थित उनके पैतृक गांव भेजा जा रहा है। वहीं, फोरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे हैं और मामले की जांच जारी है।

## राजस्थान: पार्वती नदी में तीन बच्चों की डूबने से मौत

**जयपुर:** राजस्थान के धौलपुर जिले में रविवार को पार्वती नदी में नहाने गए आठ बच्चों में से तीन की डूबने से मौत हो गई, जबकि पांच अन्य को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा मनियां क्षेत्र के गड़ाईच गांव में हुआ। उसने बताया कि रविवार की छुट्टी होने के कारण गांव के बच्चे पूर्वाह्न करीब 11 बजे पार्वती नदी में नहाने गए थे। इस दौरान कुछ बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके की ओर दौड़े। पुलिस के अनुसार भूरा(12), सोनम (12) और निशु (14) साथियों को बचाने के लिए गहरे पानी में चले गए। नदी के तेज बहाव और अधिक गहराई के कारण तीनों डूब गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना के समय पास में सौरभ भैंस चरा रहा था और उसने चीखपुकार सुन तुरंत ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पांच बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शवों को नदी से बाहर निकाला गया।

## राजस्थान के अजमेर में सड़क हादसे में मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के अजमेर जिले में एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह हादसा शनिवार रात अरांई क्षेत्र में उस वक्त हुआ जब थार ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। उसने कहा कि घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। उसने बताया कि मृतकों की पहचान कटसुरा गांव निवासी गीता घासल (38), उनके बेटे भंवर लाल (18) और गीता की बहन के बेटे हनुमान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गीता बेटे के साथ अपनी बहन के घर गई थीं और लौटते समय हनुमान भी उनके साथ था।

# वाराणसी में भीषण गर्मी के मद्देनजर काशी विश्वनाथ पर लगा शावर, मंदिरों में एसी-कूलर



**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी में बढ़ती गर्मी को देखते हुए मंदिरों में भक्तों के साथ-साथ भगवान के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। व्यवस्था से जुड़े लोगों ने रविवार को यह जानकारी दी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने परंपरा के अनुसार अक्षय तृतीया से सावन मास तक श्री काशी विश्वनाथ के विग्रह पर 'कुंवरा' यानी शावर की स्थापना की है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि अक्षय तृतीया से शिवलिंग पर निरंतर जलाभिषेक हो रहा है और इसके साथ ही बाबा का विभिन्न फलों के रस से भी अभिषेक किया जा रहा है। बटुक भैरव मंदिर के महंत जितेंद्र मोहन पुरी ने बताया कि गर्मी के मद्देनजर बाबा बटुक भैरव के गर्भगृह में 24 घंटे एसी चलाया जा रहा है। बाबा को सूती वस्त्र धारण कराए जा रहे हैं। भोग में दही, फल और ठंडी चीजें अर्पित की जा रही हैं। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए ठंडे पानी और जगह-जगह कूलर की व्यवस्था की गई है। लोहटिया स्थित राम-जानकी मंदिर के पुजारी देवेंद्र नाथ चौबे ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए भगवान के लिए कूलर लगाए गए हैं। भगवान को सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं और मौसमी फलों का भोग लगाया जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के लगभग सभी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, लेकिन अगले दो-तीन दिन में मौसम बदलने से गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने 27 अप्रैल तक लगातार गर्मी रहने की चेतावनी दी है और 28 अप्रैल से बिजली कड़कने, तेज हवाएं चलने एवं गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक रविवार को राज्य के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कई जगहों पर भीषण तपिश और लू की स्थिति देखी गई। बुलेटिन में चेतावनी दी गई है कि रविवार को कुछ जगहों पर रात भी गर्म रहने की भी उम्मीद है और सोमवार को भी कुछ इलाकों में लू का प्रकोप जारी रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.5 डिग्री ज्यादा था। इसके अलावा न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक है। बांदा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक है। इसके अलावा प्रयागराज में अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.8 डिग्री ज़्यादा है। मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि राज्य में दिन के समय कुछ जगहों पर लू चलने की प्रबल संभावना है। विभाग का कहना है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, जौनपुर, गाज़ीपुर, आज़मगढ़, मऊ और बलिया जैसे जिलों तथा पश्चिमी हिस्सों के लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, झांसी और आसपास के इलाकों में इस दौरान लू की स्थिति रहने की उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 दवा कंपनियों को प्रदान किया आश्वासन पत्र

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 17 दवा कंपनियों को आश्वासन पत्र (एलओसी) प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सभी निवेशकों को सफलतम निवेश की शुभकामना दी और कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के औद्योगिक एवं स्वास्थ्य सेवा के लिए ऐतिहासिक पड़ाव है। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने निवेशकों को विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षा, स्थायित्व और रफ्तार की गारंटी है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुए 'फॉर्मा कॉन्क्लेव' ने उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश में 40 मेडिकल कॉलेज थे, आज यह संख्या बढ़कर 83 हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में दो एम्स (गोरखपुर एवं रायबरेली) भी हैं और राज्य में आयुष विश्वविद्यालय संचालित हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर में 1500 एकड़ में 'फॉर्मा पार्क' विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नोएडा में 350 एकड़ में 'मेडिकल डिवाइस पार्क' विकसित किया जा रहा हैं और इसमें अब तक 100 से अधिक कंपनियां जुड़ चुकी हैं।

## न्यूज अपडेट

### संभल में एएसआई की संपत्ति पर बने दो मकानों पर चला बुलडोजर



**संभल (उप्र):** संभल के कैला देवी क्षेत्र में कथित रूप से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की संरक्षित भूमि पर बनाये गये दो मकानों को रविवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लेखपाल नीरज कुमार ने बताया कि आज दोपहर संभल तहसील में कैलादेवी थानाक्षेत्र के सौंधन मोहम्मदपुर गांव में एएसआई की साढ़े पांच बीघा भूमि पर किला बना हुआ है, जिसमें से ढाई से तीन बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर 30 से 32 लोगों ने मकान बना लिये हैं। उन्होंने कहा कि आज दो लोगों के मकान को ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि दो लोगों ने खुद ही अपने मकान तोड़ने शुरू कर दिये, वहीं अन्य अवैध कब्जाधारियों को भी जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। लेखपाल ने बताया कि 15 से 16 लोग ऐसे हैं जिनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है उनके लिए गांव में ही ग्राम समाज की जमीन पर 200 गज भूमि का आवंटन किया जाएगा।

### नीतीश समेत जद(यू) के वरिष्ठ नेता भामाशाह जयंती समारोह में शामिल हुए

**पटना:** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके बेटे निशांत तथा उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत जनता दल (यूनाइटेड) के नेताओं ने पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में भामाशाह जयंती मनाने के कार्यक्रम में भाग लिया। भामाशाह 16वीं शताब्दी में मेवाड़ के महाराणा प्रताप के मंत्री और करीबी सहयोगी थे। वह राणा प्रताप को सेना का पुनर्गठन करने और मुगल साम्राज्य के खिलाफ प्रतिरोध जारी रखने में मदद करने के लिए अपनी संपूर्ण संपत्ति दान करने के लिए जाने जाते हैं। चौधरी ने पत्रकारों से कहा, ''यह पहली बार नहीं है जब हम इस तरह का आयोजन कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में भाग लिया, लेकिन व्यस्त कार्यक्रम के कारण जल्दी चले गए।' उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों पर कुमार की उपस्थिति से पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित निशांत ने कहा कि वह अगले महीने से पश्चिम चंपारण जिले से शुरू करते हुए राज्य की यात्रा करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''मैं पूरे बिहार की यात्रा करूंगा ताकि लोगों को पिछले 20 वर्षों में मेरे पिता द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जागरूक कर सकूं। जो भी काम बचा है, हम उसे पूरा करेंगे।'

### बुलंदशहर में विवाद के बाद तीन युवकों की गोली मारकर हत्या, तीन लोग गिरफ्तार

**बुलंदशहर (उप्र):** बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में कहासुनी के दौरान तीन युवकों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अंतरिक्ष जैन ने बताया कि शनिवार देर रात खुर्जा नगर क्षेत्र के सुभाष रोड पर एक स्कूल के पास आपसी कहासुनी में तीन लोगों को गोली मार दी गई। जैन ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अमरदीप (30), मनीष (28) और आकाश (18) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने बताया कि शनिवार रात थाना खुर्जा नगर क्षेत्र में अमरदीप, मनीष और आकाश एक जिम में थे, वहां जीतू नामक युवक का जन्मदिन मनाया जा रहा था। भास्कर के अनुसार इस दौरान किसी बात पर विवाद हो गया जो बढ़ता चला गया। उन्होंने कहा कि कहासुनी में गोली चली जिसमें अमरदीप, मनीष और आकाश की मौत हो गई। एडीजी ने बताया कि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा जांच में आठ टीम लगी हुई हैं एवं सभी बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है।

## महाराजगंज में भारत-नेपाल सीमा के पास 20 करोड़ रुपये का 327 किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



**महाराजगंज (उप्र):** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा के पास सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने 327.17 किलोग्राम गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक है। एसएसबी के सहायक कमांडेंट दिनेश चंद्र बिस्वास ने बताया कि एक सूचना के आधार पर टीम ने बिहार के गोपालपुर थानाक्षेत्र के रणजीत गिरी (37) को गिरफ्तार किया तथा उसके ट्रक से गांजे के 21 बंडल बरामद किये। उन्होंने बताया कि आरोपी नेपाल से गांजा ट्रक से इलाके में आपूर्ति के लिए ला रहा था। बिस्वास ने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ के बाद रणजीत गिरी को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सौंप दिया गया तथा उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। सहायक कमांडेंट ने कहा कि रणजीत गिरी जिस गिरोह का हिस्सा है, उसका एक अन्य सदस्य फरार होने में कामयाब हो गया जिसकी तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी से पूछताछ कर नेटवर्क के अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है।

# जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहना होगा:मुख्यमंत्री योगी

उत्तर प्रदेश पुलिस 2017 से पहले संकट में थी, अब देश का बेहतरीन पुलिस बल: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि 2017 से पहले जो पुलिस स्वयं संकट में थी, वह अब देश के बेहतरीन पुलिस बल के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में सत्ता के सामने माफिया का राज नहीं चलता। यहां रिजर्व पुलिस लाइंस में 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस की सराहना की। उन्होंने कहा, 'अब उत्तर प्रदेश में दंगे नहीं होते, गुंडा टैक्स और वसूली खत्म हो गई है। अपराधियों के मन में भय है और पुलिस का मनोबल ऊंचा है।' पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा, 'पहले न बेटी सुरक्षित थी और न व्यापारी। उत्तर प्रदेश अस्थिरता और अराजकता का पर्याय था। राज्य में 2017 से पहले जहां दंगे होते थे, वहीं आज पुलिस दंगे होने से पहले ही उन्हें रोकने में सफल है।' नये आरक्षियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा, 'कानून अपराधी के प्रति जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए।' उन्होंने भरोसा जताया कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान के साथ आरक्षी उत्तर प्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने दीक्षांत परेड में शामिल महिला पुलिसकर्मियों को विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा, 'बेटियों ने मजबूती, तत्परता और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण पूरा किया, यह सराहनीय है।' योगी ने बताया कि 15 जून 2025 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 60 हजार से अधिक आरक्षियों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे तथा 21 जुलाई 2025 से प्रशिक्षण शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता मात्र 3000 थी, लेकिन अब एक साथ 60 हजार से अधिक आरक्षियों को प्रशिक्षित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में दो लाख 18 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती और एक लाख से अधिक को प्रोन्नति दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस का बजट 2017 की तुलना में तीन गुना बढ़ाया गया है तथा सात पुलिस आयुक्तालय स्थापित किए गए हैं।

## सेना के एक जवान ने 50 घंटे, 58 मिनट और 27 सेकंड में तय की श्रीनगर से दिल्ली तक साइकिल यात्रा

**जयपुर:** राजस्थान के बीकानेर के रहने वाले भारतीय सेना के एक जवान ने श्रीनगर से दिल्ली तक साइकिल यात्रा रिकार्ड समय में पूरी की है। बलवीर (26) ने 859 किलोमीटर की दूरी 50 घंटे, 58 मिनट और 27 सेकंड में तय की। यह यात्रा 24 अप्रैल की सुबह श्रीनगर के लाल चौक से शुरू हुई और 26 अप्रैल को दिल्ली के लाल किले पर समाप्त हुई। भारतीय सेना की 11 'मैकेनाइज्ड यूनिट' (कपूरथला) में तैनात बलवीर ने बताया कि उन्होंने यह उपलब्धि अपने दल के सदस्य सुख सागर, हिमांशु, राहुल और रमेश्वर के सहयोग से हासिल की उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज कराने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया, एक एप्लिकेशन के माध्यम से दर्ज किए गए डेटा को सत्यापन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। बलवीर ने कहा, यह यात्रा सहनशक्ति, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की परीक्षा थी। यह एकल यात्रा थी। मैंने 24 अप्रैल को सुबह छह बजे श्रीनगर के लाल चौक से शुरुआत की और 26 अप्रैल सुबह दिल्ली पहुंचा। इस दौरान कुल 859 किलोमीटर की दूरी तय की। बीकानेर के नोखा निवासी बलवीर ने बताया कि रास्ते में कुछ स्थानों पर आराम और भोजन के लिए वह रुके और यात्रा में पहाड़ी इलाकों के साथ-साथ मैदानी क्षेत्रों को भी पार किया। उन्होंने कहा, मार्ग का निर्धारण इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने किया गया था और दर्ज डेटा अब आधिकारिक मान्यता के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

# गांव के विकास का आधार हैं ग्राम विकास अधिकारी: भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) गांव के विकास का आधार हैं क्योंकि वे जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाते हैं तथा ग्रामीणों के सपनों को पूरा करने में योगदान भी देते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को धरातल पर उतारने में ग्राम विकास अधिकारी अहम भूमिका निभा रहे हैं। अपने आवास पर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वीडीओ यह सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं कि कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें और सरकारी नीतियां जमीनी स्तर पर क्रियान्वित हों। शर्मा ने अधिकारियों से विकसित गांव-शहरी वार्ड अभियान में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने जल और बिजली उपलब्धता सुधारने के प्रयासों का उल्लेख किया, जिनमें रामजल सेतु लिंक जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक निवेश और रोजगार बढ़ाने की पहल, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए योजनाएं और महिला सशक्तीकरण कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकार ने वीडीओ कैडर को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ पद सृजित किए हैं, पदोन्नति नियमों को सरल बनाया है और ग्रेच्युटी सीमा को 25 लाख रुपये तक बढ़ाया है। शर्मा ने 2026-27 के बजट में वेतनमान और पदोन्नति से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाने की घोषणा की।

## बढ़ते तापमान के मद्देनजर पटना में आठवीं कक्षा तक के विद्यालय जल्दी बंद होंगे



**पटना:** पटना जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए रविवार को कक्षा 8 तक के छात्रों के लिए स्कूल का समय सुबह 11:30 बजे तक सीमित कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोमवार से प्रभावी होने वाले इस आदेश के अनुसार, बृहस्पतिवार तक कक्षा 8 तक के छात्रों के लिए सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में पूर्वाह्न 11.30 बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियां प्रतिबंधित हैं। पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एसएम ने कहा कि मौजूदा प्रतिकूल मौसम की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है। इस निर्देश में 'प्री-स्कूल' और आंगनवाड़ी केंद्रों को भी शामिल किया गया है।

### झारखंड: एसयूवी और ट्रक के बीच टक्कर, छह लोगों की मौत

**हजारीबाग:** झारखंड के हजारीबाग में एक एसयूवी और ट्रक के बीच टक्कर होने से तीन नाबालिगों समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार शाम करीब छह बजे दनुआ घाटी इलाके में हुई। अधिकारियों ने शनिवार शाम को बताया था कि चार लोगों की मौत हुई है, लेकिन बाद में दुर्घटनाग्रस्त एसयूवी में दो और व्यक्तियों के शव होने का पता चला। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि मृतकों में एक परिवार के तीन बच्चों समेत पांच सदस्य शामिल हैं। बरही के एसडीपीओ अजित कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, दुर्घटना उस समय हुई जब 42 वर्षीय शिवकुमार भुइयां अपनी पत्नी, और तीन बच्चों के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए धनबाद से गया जा रहे थे। उन्होंने कहा कि एसयूवी की रफ्तार तेज थी और इस दौरान उसके चालक ने एक ट्रक से आगे निकलने की कोशिश की।

## श्रमिकों और वंचित समुदायों के बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए अभियान एक मई से

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार मजदूरों की बस्तियों, ईंट भट्ठों के आसपास रहने वाले श्रमिकों और वंचित समुदायों के बच्चों की पहचान करके उन्हें स्कूलों में दाखिला दिलाने के मकसद से एक मई से पूरे राज्य में एक विशेष अभियान चलाएगी। एक बयान में यह जानकारी दी गयी है। राज्य सरकार ने बयान में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए उसने पूरे प्रदेश में 'स्कूल चलो अभियान' को मिशन मोड में लागू किया है। बयान के अनुसार बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे हर हाल में छह से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे का दाखिला सुनिश्चित करें। अधिकारियों के अनुसार यह अभियान विशेष रूप से उन बच्चों पर केंद्रित होगा जो अब भी मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा दिव्यांग बच्चों के दाखिले को प्राथमिकता देने, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत लॉटरी द्वारा चुने गए पात्र बच्चों का उनके आवंटित स्कूलों में शत प्रतिशत दाखिला सुनिश्चित करने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में लड़कियों के दाखिले की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश जारी किए गए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी 28-29 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के दौरे पर

**लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे। प्रधानमंत्री पहले दिन 28 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वाराणसी में 'महिला सम्मेलन' में हिस्सा लेंगे, जहां वह लगभग 6350 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। साथ ही वह एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मोदी 29 अप्रैल को सुबह करीब साढ़े आठ बजे वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। बयान के अनुसार इसके बाद प्रधानमंत्री हरदोई जाएंगे जहां वह गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर जनसभा को संबोधित भी करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री 'महिला सम्मेलन' में हिस्सा लेंगे, जिसमें पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहेंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री 1,050 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 48 से अधिक पूरी हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

# केंद्रीय मंत्री गोयल और न्यूजीलैंड के मंत्री ने अपनी पत्नियों के साथ ताजमहल के दीदार किए



**आगरा (उप्र):** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के वाणिज्य मंत्री टॉड मैक्ले ने रविवार सुबह यहां अपनी पत्नियों के साथ ताजमहल का भ्रमण किया। भ्रमण के बाद गोयल ने बताया कि न्यूजीलैंड के मंत्री और उनकी पत्नी ताजमहल देखना चाहते थे। उन्होंने कहा कि सोमवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता होगा, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके तहत भारत से न्यूजीलैंड भेजे जाने वाले सामान पर कर नहीं लगेगा, जिससे आगरा के चमड़ा उद्योग समेत कई क्षेत्रों में नए अवसर खुलेंगे। विधानसभा चुनावों पर पूछे गए सवाल के जवाब में गोयल ने कहा कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोगों में बदलाव की इच्छा है। राघव चड्ढा समेत सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में शामिल होने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली और पंजाब के लोगों को परेशान किया है। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों में आप सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था, ऐसे में सांसदों को लगा कि आप के मूल्य और सिद्धांत खत्म हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के आसपास सिर्फ भ्रष्टाचारी समूह रह गया है, इसलिए उन्होंने पार्टी छोड़ी। गोयल ने यह भी कहा, हो सकता है कि आगे और लोग भी पार्टी छोड़ें। आम आदमी पार्टी और उसके नेतृत्व ने लोगों की उम्मीदों की अनदेखी की है।

## गोरखपुर में बच्चे का अपहरण, पुलिस ने 45 मिनट के अंदर कराया मुक्त



**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर के गगहा इलाके में कुछ बदमाशों ने कथित रूप से एक तेज रफ़्तार कार से एक महिला को टक्कर मारने के बाद उसके डेढ़ साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को इस घटना के 45 मिनट के अंदर उसे सुरक्षित मुक्त करा लिया गया एवं दो संदिग्ध लोगों को हिरासत में ले लिया गया। सूत्रों के अनुसार गजपुर गांव के राम आशीष यादव की पत्नी सुमन अपने बीमार बेटे अयांश के लिए दवा लेने पास के चौराहे पर गई थी तथा जब दोनों घर लौट रहे थे तब एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वे सड़क पर गिर गए। उन्होंने बताया कि इसी बीच, कार के अंदर बैठे दो लोगों ने कथित तौर पर बच्चे को उठा लिया और घायल मां की पुकार अनसुनी कर फरार हो गये। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जिससे गाड़ी की पंजीयन संख्या और सौहडौरा चौकी की तरफ उसके जाने का पता चला। उन्होंने कहा कि इसके बाद पूरे शहर में अलर्ट जारी कर दिया गया और 'बैरिकेडिंग' लगा दी गयी। सूत्रों ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सौहडौरा इलाके में गाड़ी को रोक लिया। उन्होंने बताया कि खुद को घिरा देखकर कार चालक भाग गया लेकिन बच्चा कार के अंदर मिल गया और उसे सुरक्षित बचा लिया गया। सूत्रों ने बताया कि बच्चे की घायल मां को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ली है और दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) दिनेश कुमार पुरी ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, 'सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर मामले को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। फ़रार चालक को भी जल्द ही गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।' पुरी ने बताया कि अपहरण के कारणों की जांच की जा रही है।

# बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी टैगोर ने कई प्रसिद्ध संस्थानों को आकार दिया: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वह न केवल एक महान लेखक और विचारक थे बल्कि उन्होंने कई प्रतिष्ठित संस्थानों को भी आकार दिया। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में मोदी ने चिली में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को बढ़ावा देने वाले एक संगठन की भी सराहना की और कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और भविष्य के लिए आवश्यक हैं। मोदी ने कहा कि नौ मई को 'पोच्चीशे बोइशाख' के अवसर पर हम गुरुदेव टैगोर की जन्म-जयंती मनाएंगे। उन्होंने कहा, ''गुरुदेव बहु-आयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक महान लेखक और विचारक तो थे ही, उन्होंने कई प्रसिद्ध संस्थानों को भी आकार दिया।'' प्रधानमंत्री के अनुसार गुरुदेव टैगोर लोगों के लिए ऐसे उद्योगों के पक्षधर थे, जिनमें स्थायी रोजगार मिलने के साथ ही गांवों का भी कल्याण हो। मोदी ने कहा कि उनके रवींद्र संगीत का प्रभाव आज भी दुनिया-भर में बना हुआ है। मेरे लिए शांति निकेतन की यात्राएं अविस्मरणीय रहीं। उन्होंने कहा, ''शांतिनिकेतन की मेरी यात्राएं अविस्मरणीय रहेंगी। यह वही संस्थान है, जिसे उन्होंने पूरे समर्पण भाव से सींचा और संवारा था। उन्हें एक बार फिर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।'' उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अप्रैल और मई के महीने में देश के कई हिस्सों में नववर्ष सहित कई पर्व-त्योहार मनाए जाएंगे।

### जनगणना 2027 में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत अहम है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्तमान में जारी जनगणना केवल सरकार का काम नहीं है बल्कि यह सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है तथा इसमें सभी की भागीदारी अहम है। मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई सभी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में भाग लेने और जनगणना 2027 को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, ''साथियो, देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। आपकी भागीदारी बहुत जरूरी है। आपकी दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहती है, यह गोपनीय रखी जाती है, डिजिटल सुरक्षा के साथ इसे सुरक्षित किया जाता है।''

### भारतीय चीज की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ी, डेरी क्षेत्र में हो रहा बड़ा बदलाव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय चीज की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए कहा कि देश का डेरी क्षेत्र बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में मोदी ने कहा कि भारत का स्वाद अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों की थाली तक पहुंच रहा है और भारतीय पारंपरिक स्वादों को नयी पहचान देने में डेरी क्षेत्र की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारत के दो चीज ब्रांड को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि की सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा हुई और कई लोगों ने भारत में उपलब्ध चीज की विविधता पर भी ध्यान देने की बात कही। मोदी ने डेरी उत्पादों का उदाहरण देते हुए जम्मू-कश्मीर के 'कलारी' चीज की सराहना की, जिसे 'कश्मीर का मोजेरेला' भी कहा जाता है। 'कलारी' चीज को गुज्जर-बकरवाल समुदाय कई पीढ़ियों से बनाता आ रहा है। उन्होंने सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में काफी लोकप्रिय 'छुरपी' चीज का उल्लेख करते हुए कहा, इसके स्वाद में पहाड़ों की सादगी और कोमलता महसूस होती है। इस चीज की खासियत यह है कि यह याक के दूध से बनाया जाता है।

## सेंट जेवियर के विरूद्ध टिप्पणी करने के मामले में दक्षिणपंथी वक्ता को हिमाचल से गोवा लाया गया : पुलिस



**पणजी :** गोवा के सेंट फ्रांसिस जेवियर के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर हिमाचल प्रदेश में गिरफ्तार किये गये दक्षिणपंथी वक्ता गौतम खट्टर को 'ट्रांजिट रिमांड' पर यहां लाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सनातन महासंघ नामक संगठन के संस्थापक खट्टर को कई दिनों की तलाशी के बाद शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि अपराध शाखा की एक टीम रविवार दोपहर खट्टर को लेकर मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। पुलिस ने कहा कि खट्टर को यहां एक अदालत में पेश किया जाएगा, जो उनकी हिरासत के संबंध में फैसला करेगी। उसने कहा कि मामले की जांच अभी जारी है। गोवा पुलिस पिछले सप्ताह से खट्टर की तलाश कर रही है, जब पणजी में उनके खिलाफ 'धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने' के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। खट्टर के एक वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद विवाद पैदा हो गया था। वीडियो में वह सेंट जेवियर के खिलाफ कथित रूप से 'आपत्तिजनक' बयान देते हुए नजर आ रहे हैं। ओल्ड गोवा के बॉम जीसस चर्च के बेसिलिका में सेंट जेवियर के पवित्र अवशेष संरक्षित हैं। खट्टर ने 18 अप्रैल को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बयान दिया था। कार्यक्रम में धार्मिक गुरु स्वामी ब्रह्मेशानंद, गोवा के परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो और भाजपा विधायक संकल्प अमोनकर और दाजी (कृष्ण) सालकर मौजूद थे।

### खेड़ा ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के विरुद्ध आरोपों के संबंध में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। खेड़ा ने शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां होने का आरोप लगाया है। उच्चतम न्यायालय में वाद की स्थिति के अनुसार, इस मामले को अभी तक किसी पीठ को सौंपा नहीं गया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पार्थिव ज्योति सैकिया ने 24 अप्रैल को खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## आप ने पार्टी छोड़ने वाले सात सांसदों की सदस्यता समाप्त करने का अनुरोध राज्यसभा सभापति से किया

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने रविवार को राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन को एक पत्र भेजकर उच्च सदन के उन सात सांसदों को अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया है, जिन्होंने हाल ही में 'आप' छोड़कर भाजपा में विलय की घोषणा की है। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्यसभा के सात सदस्यों द्वारा उठाया गया कदम दल-बदल के समान है। उन्होंने कहा कि सदस्यों का कदम संबंधित कानून के प्रावधानों के विरुद्ध है। 'आप' ने पार्टी छोड़ने वाले सात सांसदों की सदस्यता समाप्त करने का अनुरोध राज्यसभा सभापति से किया है और दावा किया है कि ये (सांसद) आप की टिकट पर उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए, लेकिन बाद में उन्होंने पार्टी छोड़ने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का फैसला किया। 'आप' को शुक्रवार को उस समय बड़ा झटका लगा जब राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल ने पार्टी छोड़ दी तथा भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी अपने सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों से भटक गई है। चड्ढा ने कहा, ''संविधान के अनुसार, किसी पार्टी के कुल सांसदों में से दो-तिहाई सांसद दूसरी पार्टी में विलय कर सकते हैं।'' उन्होंने इस तथ्य की ओर इशारा किया कि राज्यसभा में आम आदमी पार्टी (आप) के कुल 10 सदस्य हैं।

## गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव : नगर निगमों में 50 प्रतिशत से कम मतदान

**अहमदाबाद :** गुजरात में विभिन्न स्थानीय निकायों के लिए रविवार को मतदान संपन्न हो गया, जिसमें भीषण गर्मी के बीच 15 नगर निगमों में 50 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के अनुसार नगर निगमों में जहां 48.55 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। जिला पंचायतों में 60.22 प्रतिशत और तालुका पंचायतों में 61.08 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह चुनाव अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट सहित 15 नगर निगमों, 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों में आयोजित किए गए। यह



राज्य में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रियाओं में से एक है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शाम छह बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, नगर निगमों में 48.55 प्रतिशत, नगरपालिकाओं में 58.12 प्रतिशत, जिला पंचायतों में 60.22 प्रतिशत और तालुका पंचायतों में 61.08 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नगर निगमों में कच्छ जिले के गांधीधाम नगर निगम में सबसे कम 39.85 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि वलसाड जिले के वापी नगर निकाय में सबसे अधिक 65.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

### फरीदाबाद में मां ने 100 रुपये लेने पर डांटा, 11 साल के बच्चे ने फंदे से लटककर जान दी

**फरीदाबाद :** हरियाणा के फरीदाबाद में 11 साल के एक बच्चे ने बिना बताए 100 रुपये लेने पर मां की डांट के बाद कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बच्चे की मां ने उसे यह कहकर डांटा था कि वह इस बारे में उसके पिता को बताएगी। इस बात से डरा हुआ बच्चा छायंसा गांव में स्थित अपने घर की छत पर गया और फंदे से लटककर जान दे दी। बाद में जब मां ने उसे घर में खोजा तो वह कहीं नहीं मिला। छत पर जाने पर उसने अपने बेटे को रस्सी से लटका हुआ पाया। मां के शोर मचाने पर पड़ोसी वहां जमा हो गए और बच्चे को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। उनके अनुसार, बच्चा करीब 15 से 20 मिनट तक फंदे पर लटका रहा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। मामले की जांच जारी है।

### डिजिटल गिरफ्त में आकर व्यक्ति ने 2.07 करोड़ रुपये गंवाए

**मंगलुरु (कर्नाटक) :** साइबर ठगों ने मंगलुरु के 61 वर्षीय एक व्यक्ति को डिजिटल गिरफ्त में लेकर कथित तौर पर उसके साथ 2.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इन अपराधियों ने खुद को सीबीआई अधिकारियों के तौर पर पेश किया। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित व्यक्ति को 31 मार्च को एक अज्ञात नंबर से फोन आया जिसमें फोनकर्ता ने खुद को नेशनल डेटा प्रोटेक्शन सेंटर का अधिकारी बताया और कहा कि मुंबई में सिम कार्ड खरीदने के लिए पीड़ित की पहचान संबंधी दस्तावेजों का दुरुपयोग किया गया। पुलिस के अनुसार फोनकर्ता ने पीड़ित से कहा कि धमकी भरे संदेश भेजने और मादक पदार्थों की तस्करी समेत अवैध गतिविधियों के लिए उस सिम कार्ड का उपयोग किया जा रहा है, उसके खिलाफ मुंबई के एक थाने में कई प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं तथा एनआईए एवं ईडी के अधिकारी जांच शुरू करेंगे।

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने संबंधी विधेयक पर जेपीसी सोमवार को करेगी बातचीत

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक आरोपों के मामलों में उनको पद से हटाने से संबंधित विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों के साथ बातचीत करेगी। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संयुक्त समिति के सदस्य महाराष्ट्र और ओडिशा के दौरे पर हैं। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी की अध्यक्षता वाली इस समिति ने कानूनी विशेषज्ञों और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ भी बातचीत की है। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 का उद्देश्य यह है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री ऐसे अपराधों में गिरफ्तार होकर लगातार 30 से अधिक दिनों तक हिरासत में रहते हैं, जिनमें पांच या उससे अधिक वर्षों की सजा का प्रावधान है, तो उन्हें अपने पद से स्वतः हटा दिया जाए। विपक्षी दलों ने यह आरोप लगाते हुए संयुक्त समिति से दूरी बना ली है कि प्रस्तावित कानून गैर-भाजपा और विपक्ष शासित सरकारों को अस्थिर करने के उद्देश्य से लाया गया है।

### एनसीबी ने विनियमित दवाओं की अवैध ऑनलाइन बिक्री पर रोक के लिए 'वाइप' अभियान शुरू किया

**नयी दिल्ली :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने रविवार को एक समन्वित अभियान 'वाइप' शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य कानून के तहत विनियमित दवाओं की अवैध बिक्री और वितरण के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग को रोकना है। एनसीबी ने एक बयान में कहा कि उसने वेब-आधारित अवैध गतिविधियों की रोकथाम और प्रवर्तन (वाइप) के तहत कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को औपचारिक नोटिस जारी किए हैं, जिसमें उन्हें तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है ताकि उनकी सेवाओं का दुरुपयोग न हो। एनसीबी ने एक बयान में कहा, मादक पदार्थ पर रोकथाम संबंधी 'एनडीपीएस' कानून के तहत विनियमित दवाओं की एक व्यापक सूची साझा की गई है ताकि ऐसी दवाओं की सक्रिय रूप से पहचान और उन्हें बिक्री सूची से हटाने में मदद मिल सके। बयान में कहा गया है कि इंडिया मार्ट, ट्रेडइंडिया और डायल4ट्रेड जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने कुछ उपाय किए हैं, जिनमें चिह्नित उत्पादों को हटाना और संदिग्ध विक्रेताओं को निलंबित करना शामिल है। एजेंसी ने कहा कि उसने 62 उत्पादों से जुड़े 122 मामलों की पहचान की है, जिनमें क्लोनज़ोपैम, डायज़ेपम और फेंटानिल जैसी आमतौर पर दुरुपयोग की जाने वाली दवाएं शामिल हैं।

### सीबीआई ने केजरीवाल के दिवंगत 'रिश्तेदार' से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में एफआईआर दर्ज की

नयी दिल्ली : सीबीआई ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी रिश्तेदार बताए जा रहे एक दिवंगत व्यक्ति के खिलाफ नाली निर्माण के सरकारी ठेके में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में एफआईआर दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस मामले की जांच पहले दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार निरोधी ब्यूरो (एसीबी) द्वारा की जा रही थी और पिछले साल सितंबर में गृह मंत्रालय द्वारा इसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया था। आरोप है कि ठेकेदार सुरेंद्र कुमार बंसल ने 2015-16 में विभिन्न कंपनियों के नाम पर ठेके लिए और भुगतान भी ले लिया, लेकिन काम कभी शुरू नहीं किया गया। एफआईआर के अनुसार, ऐसी ही एक कंपनी कमल सिंह की थी। अधिकारियों ने बताया कि कमल सिंह को आरोपी बनाते हुए एक दूसरी प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

## दिल्ली में दोनों हाथों के प्रत्यारोपण से महिला की बदली जिंदगी

**नयी दिल्ली :** एक जटिल चिकित्सीय प्रक्रिया और मानवीय उदारता की वजह से एक महिला को तब नयी जिंदगी मिली जब दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल ने सफलतापूर्वक उसके दोनों हाथों का प्रत्यारोपण (बाइलैटरल हैंड ट्रांसप्लांट) किया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि दो बच्चों की मां इस महिला ने चारा काटने वाली मशीन से हुए एक हादसे में अपने दोनों हाथ गंवा दिए थे। अस्पताल द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह इस संस्थान में किया गया दूसरा ऐसा हाथों का प्रत्यारोपण है। बयान के अनुसार, हादसे के बाद दैनिक कार्यों के लिए पूरी तरह दूसरों पर निर्भर हो चुकी इस महिला को उपयुक्त अंग दानकर्ता के मिलने के बाद दोबारा बिना किसी पर आश्रित हुए जीने का अवसर मिला। करीब 12 घंटे चली इस सर्जरी में दाता के दोनों ऊपरी अंगों का प्रत्यारोपण किया गया-दायां हाथ कोहनी के ऊपर (सुप्राकॉन्डिलर स्तर) और बायां हाथ कलाई के पास (डिस्टल फोरआर्म स्तर) लगाया गया। चिकित्सकों ने सूक्ष्म शल्य तकनीकों के तहत हड्डी को जोड़ना, टेंडन की मरम्मत, रक्त वाहिकाओं का



संलयन और नसों का संयोजन जैसे जटिल चरण पूरे किए, जिससे रक्त संचार और गति बहाल हो सके। प्लास्टिक, कॉस्मेटिक और हैंड माइक्रोसर्जरी विभाग के अध्यक्ष महेश मंगल ने कहा, दोनों हाथों का यह सफल प्रत्यारोपण विभाग और अस्पताल के लिए गर्व का विषय है। ऐसे ऑपरेशन पुनर्निर्माणात्मक माइक्रोसर्जरी की उच्चतम उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन मरीजों को नयी जिंदगी देते हैं जिन्होंने अपने दोनों अंग और स्वतंत्रता खो दी है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनुभव गुप्ता ने कहा, दोनों हाथों का प्रत्यारोपण केवल सर्जरी नहीं, बल्कि एक बेहद समन्वित प्रक्रिया है, जिसमें हर मिनट महत्वपूर्ण होता है।

## तोते खा गए किसान के अनार; अदालत ने सरकार को मुआवजा देने का निर्देश दिया



**नागपुर :** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार को तोतों द्वारा क्षतिग्रस्त अनार के पेड़ों के लिए एक किसान को मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने फैसला सुनाया है कि ये पक्षी वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत वन्य प्राणी हैं और राज्य को संपत्ति के नुकसान के लिए नागरिकों की भरपाई करनी होगी। न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के और निवेदिता मेहता की नागपुर पीठ ने कहा कि यदि संरक्षित प्रजातियों के कारण हुए नुकसान के लिए किसानों को मुआवजा नहीं दिया जाता है, तो वे ऐसे उपायों का सहारा ले सकते हैं जो वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे अधिनियम का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाता है जिसमें स्पष्ट रूप से तोतों को शामिल किया गया है। यह आदेश 24 अप्रैल को पारित किया गया था जिसकी प्रति रविवार को उपलब्ध कराई गयी। अदालत ने वर्धा जिले के हिंगी गांव के एक किसान महादेव डेकाटे (70) द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि मई 2016 में पास के वन्यजीव अभ्यारण्य से आए जंगली तोतों ने उनके अनार के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया था और इसके लिए मुआवजे की मांग की थी।

### सत्ता केवल सद्गुण के साथ ही लाभकारी होती है: मोहन भागवत

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि सत्ता तभी लाभकारी होती है जब उसके साथ सद्गुण भी हो। नागपुर में 'नाग भूषण पुरस्कार' वितरण समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने पुरस्कार पाने वालों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक प्रतिभा 10 प्रतिशत प्रेरणा और 90 प्रतिशत परिश्रम का परिणाम होती है। वर्ष 2025 का ये पुरस्कार सोलर ग्रुप के अध्यक्ष तथा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सत्यनारायण नुवाल को प्रदान किया गया। उन्हें रक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पित निस्वार्थ सामाजिक सेवा के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

### असम: 20 अवैध प्रवासियों को बांग्लादेश भेजा गया


**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में 20 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार करके वापस बांग्लादेश भेज दिया गया है। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कुछ लोगों के साथ सख्ती से पेश आना जरूरी होता है...खुद नहीं जाने वाले घुसपैठियों को जब हम असम से बाहर निकालते हैं तो यह पंक्ति याद रखते हैं।

## हथियारों की आपूर्ति करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** मेरठ से हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक प्रमुख व्यक्ति सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और दिल्ली एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच संचालित एक अवैध हथियार आपूर्ति नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां निगरानी पर आधारित एक अभियान के बाद की गईं, जिसमें आरोपियों को कथित तौर पर अपराध को अंजाम देने से पहले ही रोक लिया गया। पुलिस के अनुसार, टीम ने पूर्वी दिल्ली में न्यू कोंडली मार्केट से खोड़ा की ओर जाने वाली सड़क पर सीआरपीएफ लाल बत्ती के पास एक कार में हथियारबंद संदिग्धों की आवाजाही के संदर्भ में सोशल मीडिया की निगरानी और तकनीकी निगरानी के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर निवासी बाबू उर्फ मुरदारी और राज कुमार नामक दो आरोपियों को एक कार से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान बाबू के पास से दो कारतूसों और एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई, जबकि राज कुमार के पास से बटन से चलने वाला चाकू जब्त किया गया। मामला दर्ज करके जांच शुरू की गई तो उनके हथियार आपूर्तिकर्ता की पहचान मेरठ निवासी परविंदर के रूप में हुई। अधिकारी के अनुसार, बाद में उत्तर प्रदेश के दादरी में एक स्थान पर की गई छापेमारी में एक स्वचालित पिस्तौल, दो देसी पिस्तौल और 14 कारतूस बरामद हुए।

## प्रख्यात छायाकार रघु राय का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली :** भारत के विविध रूपों को अपने कैमरे में कैद करने वाले देश के प्रख्यात छायाकारों में से एक रघु राय का रविवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। रघु राय के बेटे एवं छायाकार नितिन राय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया था। हाल में यह मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी थीं।'' रघु राय के परिवार में उनकी पत्नी गुरमीत, बेटे नितिन और तीन बेटियां-लगन,



अवनि और पूर्वाई हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रघु राय के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनकी फोटोग्राफी में असाधारण संवेदनशीलता, गहराई और विविधता थी। पंजाब प्रांत के झांग शहर में (अब पाकिस्तान में) 18 दिसंबर 1942 को जन्मे राय ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी, लेकिन 23 साल की उम्र में उन्होंने कैमरा थाम लिया और 1966 में 'द स्टेट्समैन' अखबार के मुख्य छायाकार बन गए। उसके बाद के छह दशक किसी धुंधली स्मृति की तरह नहीं गुजरे, बल्कि हर पल दर्ज होता रहा। रघु राय का कैमरा भारत के सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल का मूक गवाह बनता रहा। मशहूर फ्रांसीसी फोटोग्राफर हेनरी कार्टियर-ब्रेसन के शागिर्द रहे रघु राय ने भारतीय इतिहास के कुछ सबसे मर्मस्पर्शी पलों को अपने कैमरे में कैद किया, फिर चाहे वह 1972 का बांग्लादेश शरणार्थी संकट हो या 1984 की भोपाल गैस त्रासदी।

## पश्चिम बंगाल में है तृणमूल के आतंक का राज: राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के गुंडों द्वारा पार्टी कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या कर दिये जाने की रविवार को कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस राजनीति के आगे नहीं झुकेगी, जो भारत की अहिंसक परंपरा को कलंकित करती है। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान आसनसोल में चटर्जी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पार्टी का दावा है कि चटर्जी आसनसोल उत्तर से कांग्रेस प्रत्याशी प्रसेनजीत पुइतांडी के घनिष्ठ सहयोगी थे। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लोगों ने चटर्जी की जमकर पिटाई की, जिसके कुछ ही समय बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, चुनाव के बाद तृणमूल के गुंडों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या किया जाना बेहद निंदनीय है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने लिखा, ''आज पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नहीं, बल्कि तृणमूल के आतंक का राज है। मतदान के बाद विरोधियों को डराना-धमकाना, उनपर हमला करना और उनकी आवाज दबा देना- यही तृणमूल कांग्रेस का मूल स्वभाव बन गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर आधारित नहीं रही है और न ही कभी होगी।




### विकास से स्थानीय लोगों को लाभ होना चाहिए, न कि कॉरपोरेट का

**श्री विजयपुरम :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कथित कॉरपोरेट प्रभाव की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि विकास में व्यावसायिक हितों के बजाय स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यहां डॉ. बी आर आंबेडकर सभागार में प्रदेश कांग्रेस के सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि बड़े व्यापारिक समूह विशेष रूप से ग्रेट निकोबार की अवसंरचना परियोजनाओं के संदर्भ में द्वीपसमूह पर नजर गड़ाए हुए हैं, लेकिन विकास में द्वीपवासियों की भावनाओं और कल्याण की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। रविवार सुबह यहां पहुंचे गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखे हमले करते हुए शासन व्यवस्था और कथित अनुचित कॉरपोरेट प्रभाव को लेकर चिंता जताई।

## ज्यूरिख जा रहे स्विस एयरलाइन का विमान इंजन में आई खराबी के कारण रोका गया, चार यात्री घायल

**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डे से 245 यात्रियों को लेकर ज्यूरिख जा रहे 'स्विस इंटरनेशनल एयरलाइन' के एक विमान को शनिवार देर रात को उड़ान भरने के दौरान इंजन में आई तकनीकी खराबी के कारण रोक दिया गया, जिसके बाद पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर रनवे पर ही यात्रियों को विमान से उतारना पड़ा। एयरलाइन ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में चार लोग जख्मी हुए हैं। घटना रात करीब एक बजे की है, जब उड़ान संख्या एलएक्स147 के तौर पर संचालित होने वाले ए330-300 विमान (पंजीकरण एचबी-जेएचके) में चार शिशुओं सहित 232 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो




(एएआईबी) इस घटना की जांच करेगा। एएआईबी दुर्घटनाओं के साथ-साथ गंभीर श्रेणी में वर्गीकृत घटनाओं की भी जांच करता है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक अद्यतन बयान में कहा, चार यात्री अभी अस्पताल में भर्ती हैं... चालक दल के एक सदस्य के टखने में मोच आ गई। चालक दल के अन्य सदस्य सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि चालक के एक सदस्य को पैर में मामूली चोट आई है। यात्रियों को चोट कैसे लगी, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। प्रवक्ता ने कहा, 25 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार रात एक बजे के कुछ ही समय बाद दिल्ली में उड़ान एलएक्स 147 के उड़ान भरने के दौरान एक इंजन में खराबी आ गई।

